उज्जैन
शनिवार
14
मार्च, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-129
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



हंसिका मोटवानी और सोहेल खतूरिया का तलाक 4 साल बाद खत्म हुआ रिश्ता, एक्ट्रेस ने नहीं मांगी कोई एलिमनी

पेज- 8

## मिडिल-ईस्ट तनाव, ट्रैवल सेक्टर को रोज 5500 करोड़ का नुकसान

### घरेलू ट्रैवल बढ़ने की उम्मीद, दुबई नहीं जा पा रहे तो कोच्चि-पुरी की पूछताछ 200% बढ़ी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

ईरान पर इजराइल और अमेरिका के हमले और मिडिल-ईस्ट में ईरान के हमलों के चलते टूरिस्म इंडस्ट्री को बहुत नुकसान हो रहा है। वर्ल्ड ट्रैवल एंड टूरिज्म काउंसिल का अनुमान है कि ईरान संघर्ष के कारण दुनियाभर के टूर एंड ट्रैवल सेक्टर को रोजाना करीब 5,500 करोड़ रुपए का नुकसान हो रहा है।

भारत से बाहर जाने वाले करीब आधे यात्री यूएई, सऊदी अरब, कतर, ओमान जैसे देश जाते हैं। इनमें से भी करीब 40 फीसदी घूमने के लिए जाते हैं। अब भारतीय पर्यटक थाईलैंड, मलेशिया, जापान जैसे देशों के लिए पूछताछ कर रहे हैं। एयरलाइंस के किराया बढ़ाने के बाद भी बहुत सारे टूरिस्ट कोच्चि, पुरी, अंडमान जैसे घरेलू स्थानों को तरजीह दे रहे हैं। पिछले कुछ दिनों में घरेलू स्थानों के लिए पूछताछ में करीब 200% की बढ़ोतरी देखी गई है।





#### 2026 घरेलू पर्यटन के लिए अच्छा साबित हो सकता है

- दिल्ली स्थित ट्रैवल कंपनी टीमवन हॉलिडेज की प्रवक्ता अनीशा शर्मा के मुताबिक, फिलहाल खाड़ी देशों की यात्रा के लिए लगभग 100% तक कैंसिलेशन देखने को मिल रहे हैं। यदि यह रुझान जारी रहता है तो 2026 भारत के घरेलू पर्यटन के लिए बेहद मजबूत साल साबित हो सकता है। यात्री देश के नजदीकी और विविध पर्यटन स्थलों को खोज रहे हैं।
- अंतरराष्ट्रीय यात्रा प्लेटफॉर्म पिकयोरट्रेल के सीईओ हरि गणपति के मुताबिक मिडिल-ईस्ट क्षेत्र की बुकिंग में 60% तक की गिरावट आई है।
- मेकमाईट्रिप के को-फाउंडर राजेश मागो कहते हैं- यदि संघर्ष लंबा चलता है, तो लोग घरेलू गंतव्यों या अप्रभावित अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों की ओर रुख कर सकते हैं।
- वहीं ईज माईट्रिप के फाउंडर निशांत पिट्टी का कहना है- थाईलैंड, मलेशिया, मालदीव और जापान जैसे देशों के लिए बुकिंग में अच्छी बढ़त देखी जा रही है। घरेलू पर्यटन लगातार मजबूत बना हुआ है।'

## केरल की वारदात में फरार 2 महिलाओं को उज्जैन पुलिस ने पकड़ा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

केरल में 10 साल पहले हुई लूट और हत्या के मामले में फरार चल रही दो महिलाओं को उज्जैन पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों को केरल पुलिस के सुपुर्द किया गया है।

एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि वर्ष 2016 में केरल से कुन्नूर जिले में हुई हत्या और लूट के मामले में 10 सालों से फरार दो महिलाओं की तरह केरल पुलिस कर रही थी। दोनों महिलाओं के संबंध में केरल पुलिस में उनके उज्जैन से गुजरने की जानकारी क्राइम ब्रांच टीम से साझा की थी। इसके बाद से क्राइम ब्रांच की टीम अलर्ट हो गई थी। लगातार केरल के संपर्क में रहने के साथ दोनों महिलाओं को उज्जैन से पकड़ लिया गया। 10 साल बाद गिरफ्त में आई महिलाएं दक्षिण पश्चिमी दिल्ली की रहने वाली सकीना फातिमा 33 साल परवीन बानो 48 साल है। दोनों को केरल पुलिस के उज्जैन पहुंचते ही सुपुर्द किया गया। बताया जा रहा है कि दोनों महिलाएं वर्ष 2013 में आंध्र प्रदेश पुलिस की गिरफ्त में भी आ चुकी थी। 10 साल पहले केरल में उन्होंने संगीन जुर्म को अंजाम दिया था। उसके बाद से लगातार फरार चल रही थी। दोनों दिल्ली में छुपकर रह रही थी अपने साथियों से मिलने के लिए निकली थी जो उज्जैन होते हुए जा रही थी। विदित होगी सप्ताह भर पहले ही देवासगेट थाना पुलिस ने शिवपुरी में हुई शिक्षक की हत्या में 3 माह से फरार महिला को उसके बेटे के साथ बस स्टैंड से गिरफ्तार किया था।

## पाकिस्तान में पुलिस गाड़ी पर आईईडी धमाके में सात पुलिसकर्मियों की मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ लाहौर

पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिम इलाके में शुक्रवार को एक बम धमाके में सात पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। यह हमला खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के लक्की मरवत जिले के शादि खेल बेट्टानी इलाके में हुआ।

पुलिस के मुताबिक गश्त कर रही पुलिस की गाड़ी को सड़क किनारे लगाए गए आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) से निशाना बनाया गया। धमाका इतना तेज था कि एसएचओ आजम, ड्राइवर शाह बह्रम और चार अन्य पुलिसकर्मी मौके पर ही मारे गए।



एक अन्य घायल पुलिसकर्मी इंसाफुद्दीन को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। प्रतिबंधित संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने हमले की जिम्मेदारी ली है। घटना के बाद पुलिस और सुरक्षा बलों ने इलाके को घेरकर सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है और सबूत जुटाए जा रहे हैं। पाकिस्तानी राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री सोहेल अफरीदी ने हमले की कड़ी निंदा की है।

## सऊदी अरब में 5 अमेरिकी विमान तबाह

### कल इराक में भी एक प्लेन क्रैश हुआ था, अब तक 11 अमेरिकी सैनिकों की मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ तेल अवीव

अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का आज 15वां दिन है। जंग के दौरान सऊदी अरब के एक एयरबेस पर खड़े अमेरिकी एयर फोर्स के 5 विमान तबाह हो गए हैं। अमेरिकी अखबार द वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट में कहा गया है कि ये ईंधन भरने वाले टैंकर विमान थे।

रिपोर्ट के मुताबिक इन विमानों को ईरान के हमले में नुकसान पहुंचा, हालांकि ये हमला कब हुआ यह साफ नहीं बताया गया है। इस मामले पर अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने भी अभी तक कोई बयान जारी नहीं किया है।



इससे पहले कल इराक में भी अमेरिकी वायुसेना का एक विमान 'बोइंग ङउ-135 रिफ्यूलिंग' क्रैश हो गया था। इस विमान में सवार सभी 6 क्रू मेंबर्स की मौत हो गई। ईरान जंग में अब तक 11 अमेरिकी सैनिकों की जान जा चुकी है।

**दावा- ईरान के नए सुप्रीम लीडर का पैर काटना पड़ा-** कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि ईरान के नए सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई गंभीर रूप से घायल हैं और कोमा में हैं। ब्रिटिश मीडिया द सन की रिपोर्ट के मुताबिक 28 फरवरी को अमेरिका-इजराइल के हमले में घायल होने के बाद उन्हें तेहरान के सिना यूनिवर्सिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि उनकी हालत बेहद गंभीर है। रिपोर्ट के मुताबिक हमले में चोट इतनी गहरी थी कि उनका एक पैर काटना पड़ा और लिवर को भी गंभीर नुकसान पहुंचा है।

### एक अप्रैल से मर्सिडीज बेंज की कारें होंगी महंगी

## कीमतों में 2% तक होगी बढ़ोतरी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

देश में लग्जरी कारों के बाजार से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आई है। जर्मनी की प्रमुख वाहन निमार्ता कंपनी मर्सिडीज-बेंज ने भारत में अपनी कारों की कीमतें बढ़ाने का फैसला किया है। कंपनी ने घोषणा की है कि एक अप्रैल 2026 से भारत में बिकने वाली उसकी सभी कारों की कीमतों में लगभग दो प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की जाएगी। कंपनी का कहना है कि यह निर्णय विदेशी मुद्रा में लगातार उतार-चढ़ाव और उत्पादन से जुड़ी लागत में वृद्धि के कारण लिया गया है।



कंपनी के अनुसार पिछले कुछ समय से अंतरराष्ट्रीय मुद्रा बाजार में अस्थिरता देखी जा रही है। विशेष रूप से यूरो के मुकाबले भारतीय रुपये की कीमत में गिरावट आई है, जिसका सीधा असर आयातित पुर्जों और तकनीक पर पड़ रहा है। इससे कंपनी की संचालन लागत लगातार बढ़ती जा रही है। इसी बढ़ती लागत को संतुलित करने के लिए कंपनी को अपने वाहनों की कीमतों में संशोधन करना पड़ा है। कंपनी के बिक्री और विपणन विभाग के उपाध्यक्ष ब्रेंडन सिसिंग ने कहा कि कंपनी हमेशा यह कोशिश करती है कि लागत बढ़ने का बोझ ग्राहकों पर न डाला जाए। लेकिन लंबे समय तक कारोबार को स्थिर और संतुलित बनाए रखने के लिए कभी-कभी कीमतों में बदलाव करना जरूरी हो जाता है। उन्होंने कहा कि पिछले कई महीनों से कंपनी अतिरिक्त लागत का बड़ा हिस्सा स्वयं वहन कर रही थी, लेकिन अब परिस्थितियों को देखते हुए कीमतों में सीमित बढ़ोतरी करना आवश्यक हो गया है।




### डीयू में जाति देखकर इंटरव्यू में फेल करते हैं: राहुल गांधी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी कांशीराम जयंती पर हुए संविधान सम्मेलन में हिस्सा लेने लखनऊ पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने दिल्ली यूनिवर्सिटी में जाति देखकर इंटरव्यू में फेल करने का आरोप लगाया। राहुल ने कहा- मैं दिल्ली यूनिवर्सिटी गया था। इंटरव्यू में बच्चों को निकालने का तरीका है। आपकी जाति क्या है भैया, आप इंटरव्यू में फेल। दिल्ली यूनिवर्सिटी ने राहुल के इस बयान को खारिज कर दिया है। यूनिवर्सिटी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा- यूनिवर्सिटी सीयूईटी स्कोर के आधार पर एडमिशन देती है। कई ग्रेजुएशन-पोस्ट ग्रेजुएशन कोर्सेस के लिए इंटरव्यू जरूरी नहीं हैं। राहुल को बयान देने से पहले फैक्ट्स की जांच करना चाहिए।

### ईरान युद्ध के बीच तेल महंगा होने से इंडिगो ने टिकटों पर लगाया ईंधन शुल्क

**नई दिल्ली।** मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल का असर अब विमान यात्रा पर भी दिखाई देने लगा है। देश की प्रमुख विमानन कंपनी इंडिगो ने घोषणा की है कि वह 14 मार्च 2026 से घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के टिकटों पर अतिरिक्त ईंधन शुल्क लगाएगी। कंपनी का कहना है कि वैश्विक स्तर पर विमान ईंधन की कीमतों में अचानक आई तेज बढ़ोतरी के कारण यह फैसला लेना पड़ा है। कंपनी का संचालन करने वाली ने बताया कि हाल के दिनों में पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव, विशेष रूप से इरान से जुड़े संघर्ष के कारण ऊर्जा बाजार में भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। इस स्थिति के चलते विमान ईंधन की कीमतों में तेज वृद्धि हुई है, जिसका सीधा असर विमानन कंपनियों की लागत पर पड़ा है।

### हरियाणा में आरएसएस की तीन दिवसीय अहम बैठक शुरू



**नई दिल्ली।** देश के प्रमुख सामाजिक संगठन राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की सर्वोच्च निर्णय लेने वाली बैठक शुक्रवार से शुरू हो गई। हरियाणा के समालखा में आयोजित इस तीन दिवसीय बैठक की शुरूआत कई प्रमुख सार्वजनिक हस्तियों को श्रद्धांजलि देकर की गई, जिनमें संगठन के वैचारिक विरोधी माने जाने वाले नेता भी शामिल रहे। बैठक के पहले दिन संगठन ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री शिवाजी पाटील तथा वरिष्ठ वामपंथी नेता आर. नल्लाकन्नू को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### आयुष्मान योजना में बड़ा घोटाला उजागर जबलपुर और ग्वालियर के दो अस्पताल सस्पेंड

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश में केंद्र और राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी स्वास्थ्य योजना में बड़ी गड़बड़ी सामने आने के बाद प्रशासनिक स्तर पर हलचल मच गई है। प्रदेश के जबलपुर और ग्वालियर में स्थित दो निजी अस्पतालों में आयुष्मान योजना के तहत गंभीर अनियमितताओं और कथित धोखाधड़ी का खुलासा हुआ है। जांच के बाद राज्य स्वास्थ्य एजेंसी ने दोनों अस्पतालों को तत्काल प्रभाव से योजना से निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई थर्ड पार्टी ऑडिट एजेंसी की जांच रिपोर्ट और पहले से प्राप्त शिकायतों के आधार पर की गई है। अधिकारियों का कहना है कि योजना के नाम पर गलत क्लेम और आर्थिक लाभ लेने के मामले सामने आने के बाद यह कदम उठाया गया है।

उज्जैन
शनिवार
14
मार्च, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

विद्या मित्रं प्रवासेषु भार्या मित्रं गृहेषु च।
रुग्णस्य चौषधं मित्रं धर्मो मित्रं मृतस्य च।।

**अर्थ**: प्रदेश में शिक्षा आपकी सबसे बड़ी दोस्त है, घर में आपकी धर्मपत्नी आप की सबसे बड़ी दोस्त हैं और मरीजों के लिए दवा आपकी सबसे अच्छी दोस्त है और मृत्यु के बाद केवल धर्म ही आपका दोस्त है।

## खबर एक नजर...

### इंदौर में पंपकर्मी की हत्या का मामला, कार मालिक आर्यन अब भी फरार

**इंदौर।** इंदौर के सांवेर में पंपकर्मी रोहित परमार की जान कार सवार युवकों ने ले ली थी। कई फुटेज देखने के बार सांवेर पुलिस की टीम इंदौर पहुंची। हीरानगर के गौरीनगर में आर्यन के यहां दबिश दी। वह नही मिला, लेकिन उसके पिता को पुलिस पूछताछ के लिए लेकर चली गई। आर्यन ने अपने परिचितों को जानकारी दी कि इस घटना में उसका हाथ नहीं है। उसके दोस्त कार लेकर गए थे। हालांकि पुलिस इस बात की जांच कर रही है। आर्यन अभी भी फरार है। सांवेर पुलिस की टीम गुरुवार रात इंदौर पहुंची थी। यहां हीरानगर इलाके में आर्यन की जानकारी निकाली। कार उसने कुछ दिन पहले खरीदी थी। इस पूरे मामले में आर्यन ने घटना के दिन कार में होने की बात से इंकार किया है। उसने परदेशीपुरा और हीरानगर इलाके में रहने वाले चार युवकों की जानकारी दी। घटना के बाद से सभी फरार हैं। आर्यन भी पुलिस के सामने नहीं आ रहा। पुलिस का कहना है कि कार आर्यन के नाम है तो वह भी आरोपी बनेगा। आर्यन के पकड़ाने के बाद ही बाकि उसके चार साथियों के नाम सामने आए। कार कौन चला रहा था। इसकी भी जानकारी आएगी। हालांकि अभी इस घटना में किसी भी आरोपी के नाम की पुष्टी पुलिस अफसरों ने नहीं की है।

### जमीन विवाद में अभिनेता घाटगे ने मांगी पुलिस सुरक्षा

**इंदौर।** फिल्म अभिनेता विजयेंद्र घाटगे ने जम्बूड़ी हप्सी इलाके की जमीन को लेकर चल रहे विवाद में पुलिस से सुरक्षा मांगी है। कब्जाधारियों से खतरे की आशंका जताते हुए घाटगे ने कोर्ट में याचिका भी दायर की थी। कोर्ट के निर्देश के बाद पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है और पुलिस कमिश्नर कार्यालय में उनके बयान भी दर्ज किए गए। वकीलों के साथ पहुंचे घाटगे ने पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह को बताया कि जमीन पर जाने पर उन्हें कब्जाधारियों से खतरा महसूस होता है। उनका कहना है कि जमीन उनके मालिकाना हक की है और खेती के लिए दी गई थी, लेकिन संबंधित व्यक्ति व उसके परिवार ने कब्जा कर लिया। डीसीपी कृष्ण लालचंदानी के मुताबिक मामले की जांच एसीपी गांधीनगर को सौंपी गई है और सुरक्षा को लेकर रिपोर्ट तैयार की जा रही है। होलकर राजवंश से संबंध अभिनेता विजयेंद्र घाटगे की मां सीता राजे घाटगे, महाराजा तुकोजीराव होलकर तृतीय की बेटी थीं। इस वजह से उन्हें होलकर राजवंश का नाती माना जाता है। उनके पिता कर्नल फतेहसिंहराव घाटगे महाराष्ट्र के कगल के मराठा शाही परिवार से थे। घाटगे ने फिल्म चितचोर से करियर शुरू किया और 100 से अधिक फिल्मों में अभिनय किया।

### गिरवी दुकान को लेकर विवाद, सामान उठाकर ले गया आरोपी

**इंदौर।** इंदौर के पलासिया थाना क्षेत्र में गिरवी रखी दुकान को लेकर विवाद का मामला सामने आया है। दुकान संचालिका ने जब तय रकम देकर दुकान छुड़ाने की कोशिश की तो आरोपी ने छह लाख रुपए की मांग कर दी। रकम देने से इनकार करने पर आरोपी दुकान में रखा सामान उठाकर ले गया। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, बड़ी ग्वालटोली स्थित नूरजहां लेडीज टेलर की संचालिका ने शिकायत दर्ज कराई है। फरियादिया ने बताया कि करीब 11 महीने पहले उसने अपनी दुकान ढाई लाख रुपए में गिरवी रखी थी। इस पर हर महीने चार प्रतिशत ब्याज के हिसाब से 10 हजार रुपए देना तय हुआ था, जिसे वह नियमित रूप से देती रही।

### इंदौर में गैस संकट गहराया, सराफा बाजार में रौनक घटी, इलेक्ट्रिक ग्रिल में बन रहे सैंडविच

# चौपाटी में इंडक्शन पर तले जा रहे भजिए

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर की चमक-दमक वाली सराफा चौपाटी और मशहूर फूड हब्स पर अब कमर्शियल एलपीजी गैस संकट का साया गहरा गया है। मिडिल ईस्ट (ईरान-अमेरिका तनाव) से उपजे वैश्विक ईंधन संकट के चलते कमर्शियल गैस सिलेंडरों की सप्लाई पर प्रशासनिक रोक लग गई है, जिससे शहर के स्ट्रीट फूड और रेस्तरां कारोबार प्रभावित हो रहा है। पहले जहां सराफा बाजार की रातें गरमागरम भुट्टे, गराडू, भजिए और पोहा-जलेबी की खुशबू से महकती थीं, अब वहां की रौनक फीकी पड़ गई है।

सराफ बाजार के कई दुकानदारों ने गैस की कमी से जूझते हुए इंडक्शन चूल्हे और इलेक्ट्रिक ग्रिल का सहारा ले लिया है। चौपाटी पर अब पारंपरिक गैस पर तले जाने वाले कुरकुरे भजिए इंडक्शन पर तलकर परोसे जा रहे हैं, जबकि सैंडविच



और ग्रिल्ड आइटम्स इलेक्ट्रिक ग्रिल पर बनाए जा रहे हैं। एक स्थानीय दुकानदार ने बताया कि गैस सिलेंडर नहीं मिल रहा तो क्या करें? ग्राहक आएंगे तो कुछ तो परोसना पड़ेगा।

**स्वाद में आया फर्क-** इंडक्शन पर भजिए तल रहे हैं, स्वाद में थोड़ा फर्क है लेकिन काम चल रहा है। छप्पन दुकान जैसे लोकप्रिय स्पॉट्स पर भी यही हाल है। व्यापारी जुगाड़ कर रहे हैं, लेकिन भीड़ पहले जितनी नहीं दिख रही।

**सिलेंडर नहीं मिले तो जल्द ही दुकानों पर ताले लग जाएंगे-** कमर्शियल सिलेंडर पर रोक लगाने के कंपनियों के फैसले का सीधा असर होटल, रेस्टोरेंट, छोटे खान-पान कारोबारी, छोटे-छोटे उद्योगों व शादियों पर दिखने भी लगा है। केटरर्स, रेस्टारेंट व खान-पान कारोबारियों का कहना है, यदि सिलेंडर नहीं मिले तो जल्द ही दुकानें पर ताले लगना शुरू हो जाएंगे। शुक्रवार से छोटी होटल व खाने पीने की दुकान चलाने वालों की स्थिति खराब होने लगी है। उनका कहना है जब से स्वच्छता अभियान चल रहा है, धुआं रहित ईंधन पर जोर दे रहे हैं। तंदूर, सिगड़ी, डीजल भट्टी पर प्रतिबंध होने से कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर का उपयोग करते हैं।

**डीजल भट्टी की उपलब्धता भी आसान नहीं-** लाबरिया भेरू क्षेत्र में चाय की दुकान चला रहे दुकानदार का कहना है कि यह सिलेंडर एक दो दिन साथ देगा। इसके बाद सोचेंगे, फिलहाल तो वैकल्पिक ईंधन या संसाधन की भी व्यवस्था नहीं है। प्रशासन व सरकार का तर्क है कि वैकल्पिक तरीकों का उपयोग करें। यह इतना आसान नहीं है। कैरोसिन उपलब्ध नहीं है, डीजल भट्टी की उपलब्धता भी आसानी से नहीं होगी। सभी के पास तो यह है नहीं। तीसरा विकल्प इलेक्ट्रिक क्वाइल या इंडक्शन का है। इसके लिए भी बिजली कनेक्शन की व्यवस्था करना होगी। सामान बनाने में देरी लगती है।

**व्यावसायिक सेक्टर** : 400 कैटरर्स, 100 होटल्स, 250 से ज्यादा बड़े रेस्टोरेंट, 12 हजार से ज्यादा छोटे-बड़े रेस्टोरेंट और खान-पान कारोबारियों पर असर। शादी-ब्याह और अन्य आयोजन होने से ज्यादा चिंता।

**छोटे-बड़े उद्योग** : करीब 2000, इसमें भी दो तरह के हैं। पहला, जिनको बल्क एलपीजी की जरूरत, दूसरे कमर्शियल सिलेंडर का उपयोग कर रहे जैसे फेब्रिकेशन, ऑटो मोबाइल, सामान्य वेल्डिंग कारोबारी।

**घरेलू गैस की स्थिति** : परेशानी बुकिंग न होने की है। तीनों कंपनियों के हेल्पलाइन नंबर काम नहीं कर रहे। इन कंपनियों के 11 लाख कनेक्शन, 22-24 हजार सिलेंडर प्रतिदिन सप्लाय हो रहे, गर्मी से डिमांड में भी 20 फीसदी कमी आई। एजेंसियों का दावा 3 से 4 दिन में वेटिंग क्लियर हो रही।

## इंदौर में आज से राष्ट्रीय स्तर का टेबल टेनिस टूर्नामेंट

### 43 वर्षों के बाद होगी राष्ट्रीय सीनियर टेबल टेनिस स्पर्धा, 32 राज्यों के 400 खिलाड़ी भाग लेंगे

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

शहर में 43 वर्षों के बाद एक बार फिर देशभर के शीर्ष टेबल टेनिस खिलाड़ी आज से अगले कुछ दिनों तक अपनी प्रतिभा दिखाते नजर आएंगे। भारतीय टेबल टेनिस महासंघ के तत्वावधान में मध्य प्रदेश टेबल टेनिस संगठन द्वारा यूटीटी राष्ट्रीय एवं अंतर राज्य सीनियर टेबल टेनिस स्पर्धा का आयोजन 14 मार्च से 21 मार्च तक स्थानीय अभय प्रशाल में होने जा रहा है।

स्पर्धा में खिलाड़ियों को 20 लाख रुपए की नगद इनामी राशि प्रदान की जाएगी। आयोजन समिति के अध्यक्ष ओम सोनी तथा स्पर्धा सचिव जयेश आचार्य ने बताया कि पिछली बार इंदौर में 1983 में राष्ट्रीय टेबल टेनिस स्पर्धा



खेली गई थी। इसके अब यह स्पर्धा होगी।

इंदौर में होने वाली इस स्पर्धा के तहत 14 से 17 मार्च तक टीम मुकाबले खेले जाएंगे, जबकि 16 से 21 मार्च तक व्यक्तिगत मुकाबले होंगे। पुरुष तथा महिला टीम मुकाबलों के साथ ही पुरुष एकल, महिला एकल, पुरुष युगल, महिला युगल तथा मिश्रित युगल कुल सात विधाओं के मुकाबले होंगे। चैंपियनशिप स्टेग रोमा की 21 टेबलों पर खेली जाएगी। इसमें 32 राज्यों के करीब 400 खिलाड़ी भाग लेंगे। साथ ही करीब 500 खिलाड़ियों की अतिरिक्त प्रविष्ठियां प्राप्त हुई हैं। कुल मिलाकर इस स्पर्धा में 900 खिलाड़ी तथा 50 से ज्यादा अधिकारी भाग लेंगे। प्रत्येक राज्य की टीम में पांच पुरुष खिलाड़ी, पांच महिला खिलाड़ियों के साथ ही प्रबंधक तथा प्रशिक्षक सहित 12 सदस्यीय दल भाग लेगा।

## आज नेशनल लोक अदालत

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर में आज यानी 14 मार्च को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। नगर निगम के सभी 22 जोनल कार्यालयों, रजिस्ट्रार कार्यालय और निगम मुख्यालय में यह लोक अदालत आयोजित होगी। इसमें संपत्ति कर और जलकर के बकाया मामलों में सरचार्ज पर विशेष छूट दी जाएगी। पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि राज्य शासन के निदेर्शानुसार यह लोक अदालत आयोजित की जा रही है। इसमें करदाताओं को बकाया कर जमा करने पर अधिभार (सरचार्ज) में राहत दी जाएगी। नगर निगम के अनुसार संपत्ति कर के मामलों में बकाया राशि के आधार पर सरचार्ज में छूट मिलेगी। 50 हजार रुपए तक बकाया होने पर सरचार्ज में 100% तक छूट, 50 हजार से 1 लाख रुपए तक बकाया होने पर 50% तक छूट, 1 लाख रुपए से अधिक बकाया होने पर 25% तक छूट रहेगी। वहीं जलकर के मामलों में भी अधिभार में राहत दी जाएगी। 10 हजार रुपए तक बकाया होने पर 100% तक छूट, 10 हजार से 50 हजार रुपए तक बकाया होने पर 75% छूट, 50 हजार रुपए से अधिक बकाया होने पर 50% छूट जलकर के मामलों में दी जाएगी। महापौर और निगम आयुक्त ने शहर के संपत्ति कर और जलकरदाताओं से अपील की है कि वे 14 मार्च को आयोजित नेशनल लोक अदालत में पहुंचकर बकाया कर जमा करें और सरचार्ज में मिलने वाली छूट का लाभ लें।

# इंदौर-शारजाह फ्लाइट अब हफ्ते में चार दिन होगी

### 29 मार्च से सप्ताह में 3 दिन बंद रहेगी उड़ान, खाली दिनों में बैंकॉक फ्लाइट मिलने की उम्मीद

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर के देवी अहिल्या बाई होल्कर इंटरनेशलन एयरपोर्ट से संचालित होने वाली एकमात्र इंटरनेशलन फ्लाइट अब सप्ताह में सिर्फ 4 दिन ही संचालित की जाएगी। एयर इंडिया एक्सप्रेस 29 मार्च से लागू होने वाले समर शेड्यूल में इंदौर से शारजाह के बीच सप्ताह में तीन फेरे कम करने जा रही है। 29 मार्च से यह फ्लाइट सप्ताह में सिर्फ चार दिन ही संचालित होगी। कंपनी ने अपनी वेबसाइट पर इस आधार पर बुकिंग भी शुरू कर दी है। वहीं सूत्रों का कहना है कि खाली समय में इंदौर से बैंकॉक के लिए भी एक फ्लाइट का संचालन हो



सकता है।

एयर इंडिया एक्सप्रेस के अधिकारियों ने बताया कि 29 मार्च से लागू हो रहे समर शेड्यूल में कंपनी सप्ताह में चार दिन सोम, बुध, शुक्र और रविवार को ही इंदौर से शारजाह के बीच जाने और आने वाली सीधी फ्लाइट का संचालन करेगी। वहीं शेष तीन दिन मंगल, गुरु और शनिवार को इस फ्लाइट का संचालन बंद रहेगा। इस फ्लाइट को 28 अक्टूबर से लागू हुई विंटर शेड्यूल में ही नियमित किया गया था।

इससे पहले यह सप्ताह में चार दिन ही संचालित होती थी। नियमित फ्लाइट मिलने से यात्रियों को बड़ी सुविधा मिल रही थी, लेकिन अब एक बार फिर सप्ताह में 4 दिन ही उड़ान के संचालन होने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। इसके साथ ही इस फ्लाइट के समय में भी थोड़ा बदलाव किया जा रहा है। मौजूदा समय की अपेक्षा 29 मार्च से यह फ्लाइट 35 से 40 मिनट देरी से चलेगी। कंपनी अधिकारियों और ट्रैवल एजेंट्स ने बताया कि गर्मी के मौसम में यूएई में बहुत तेज गर्मी पड़ती है। इसके कारण यहां घूमने आने वाले पर्यटकों की संख्या में काफी कमी आ जाती है। इसे देखते हुए गर्मियों के सीजन को यहां पर्यटन की दृष्टि से ऑफ सीजन भी कहा जाता है। अधिकारियों का कहना है कि युद्ध की स्थिति के साथ ही इस बात को भी देखते हुए इस फ्लाइट को नियमित के बजाए सप्ताह में चार दिन संचालित करने का निर्णय लिया गया है।

**बैंकॉक के लिए विचार कर रही कंपनी-** ट्रेवल एजेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रदेश अध्यक्ष अमोल कटारिया ने बताया कि कंपनी सप्ताह के जिन तीन दिनों मंगल, गुरु और शनिवार को शारजाह फ्लाइट का संचालन बंद कर रही है, उन दिनों में इंदौर से किसी अन्य अंतरराष्ट्रीय शहर के लिए फ्लाइट शुरू कर सकती है। इस पर विचार जारी है।

## खबर एक नजर...

### सेनजी महासंघ ने मातृशक्ति दिवस पर 25 महिलाओं का किया सम्मान

**उज्जैन।** महिला सशक्तिकरण और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ऑल इंडिया सेन जी महासंघ (दिल्ली) द्वारा मातृशक्ति दिवस के अवसर पर एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में समाज की 25 उत्कृष्ट महिलाओं का शॉल, श्रीफल और पुष्पमाला पहनाकर भव्य सम्मान किया गया। इस दौरान सम्मानित मातृशक्तियों ने एक स्वर में यह संदेश दिया कि महिलाओं का आत्मनिर्भर होना आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है, और इसकी ठोस शुरूआत बेहतर शिक्षा के साथ ही होनी चाहिए।

प्रदेश उपाध्यक्ष वीरेंद्र परमार ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष शोभा छानीवाल और शिखर सम्मान से अलंकृत कृष्णा वर्मा जी उपस्थित रहीं। इन्हीं के करकमलों द्वारा समाज की 25 प्रतिभासंपन्न और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रही महिलाओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस गरिमामय आयोजन में समाज के कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। मुख्य रूप से कन्हैयालाल जी, सुरेंद्र सेन, प्रेम यादव, शिव नारायण झाला, शीतल परमार, अर्पित वर्मा, संजय सेन, संतोष वर्मा, निर्मला यादव, सुनील वर्मा, सुशीला गहलोत और प्रेमलता चैहान सहित बड़ी संख्या में समाजजन एवं मातृशक्ति उपस्थित रहीं।

### सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए टीकाकरण अभियान जारी

उज्जैन . कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के मार्गदर्शन में जिले में किशोरी बालिकाओं में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए निःशुल्क एचपीवी टीकाकरण अभियान निरंतर जारी है। एचपीवी निःशुल्क टीकाकरण अभियान आगामी 3 माह तक संचालित किया जाएगा । मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल द्वारा बताया गया कि उज्जैन जिले में 13 स्थानों पर टीके निःशुल्क लगाये जा रहे है। इनमें आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज उज्जैन, जिला चिकित्सालय चरक भवन उज्जैन, सिविल अस्पताल माधवनगर, सिविल अस्पताल जीवाजी गंज, सिविल अस्पताल महिदपुर, सिविल अस्पताल नागदा, सिविल अस्पताल खाचरौद, सिविल अस्पताल बडनगर के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झारडा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तराना, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इंगोरिया में टीके निःशुल्क लगाये जा रहे हैं।

# भक्ति और रंगों से सराबोर हुई भाटगली: जागेश्वर महादेव के भंडारे में उमड़े 5 हजार श्रद्धालु, संतों के सान्निध्य में खेली गई होली



### अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रवींद्र पुरी महाराज रहे मुख्य अतिथि, भजनों की धुन और फूलों की होली के बीच उल्लास से संपन्न हुआ आयोजन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

महाकाल की नगरी में महाशिवरात्रि महोत्सव के उपरांत भी धार्मिक आयोजनों का सिलसिला सतत जारी है। इसी कड़ी में चामुंडा माता मंदिर के समीप भाटगली (बहादुरगंज) में जागेश्वर ग्रुप के तत्वावधान में विशाल भंडारा, भजन संध्या और राधा-कृष्ण की होली का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र में आस्था और उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिला, जहाँ करीब 5 हजार से अधिक भक्तों ने प्रसादी ग्रहण की और भजनों की धुन पर जमकर झूमे। जागेश्वर भक्त मंडल और वीरेंद्र भईजी मित्र मंडली के इस आयोजन ने न केवल धार्मिक एकजुटता का संदेश दिया, बल्कि शहर के सामाजिक उल्लास को भी नई ऊँचाई दी।



स्व. देवेन्द्र सिंह परिहार और स्व. विरेन्द्र सिंह ठाकुर (भईजी) की स्मृति में आयोजित इस कार्यक्रम को संतों का विशेष आशीर्वाद प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रवींद्र पुरी महाराज ने शामिल होकर व्यवस्थाओं और आयोजकों के भक्ति भाव की मुक्त कंठ से सराहना की। आयोजन में संत शिरोमणि गणेशदास महाराज (महात्यागी जी), महामंडलेश्वर महंत त्रिलोचनंदास महाराज, कैलाशदास महाराज, त्रिवेणी शनि मंदिर के श्री श्री 108 महंत रामेश्वर दास जी महाराज और महंत राकेश बैरागी जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। संतों ने अपने आशीर्वचन में इस प्रकार के सेवा कार्यों को सनातन संस्कृति का मूल आधार बताया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण राधा-कृष्ण की फूलों वाली होली और भजनों की मनमोहक प्रस्तुति रही। सुप्रसिद्ध भजन गायक बाबूलाल देवड़ा ने जब कान्हा और राधा के प्रेम प्रसंगों से सजे भजन प्रस्तुत किए, तो पूरा पांडाल भक्तिमय हो गया और श्रद्धालु झूमने लगे। कार्यक्रम का सफल संचालन सुदर्शन आयचित ने किया। जागेश्वर ग्रुप के सदस्य अनिकेत सेन ने बताया कि महाशिवरात्रि के पावन पर्व की खुशी साझा करने और दिवंगत सदस्यों की स्मृति को जीवंत रखने के उद्देश्य से इस विशाल आयोजन की रूपरेखा तैयार की गई थी।

# गूंजे भजन, स्वामी लीलाशाह महाराज की 146वीं जयंती पर झूमीं सैकड़ों महिलाएं

### झूलेलाल महिला मंडल ने किया भव्य आयोजन; गणेश वंदना और ज्योति प्रज्वलन से हुई शुरूआत, महाआरती के बाद बंटी महाप्रसादी

### सुमधुर भजनों से भक्तिमय हुआ माहौल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



सिंधी समाज के आराध्य श्री स्वामी लीलाशाह महाराज की 146वीं जयंती लीलाशाह धाम में अत्यंत हर्षोल्लास और भक्तिभाव के साथ मनाई गई। झूलेलाल महिला मंडल द्वारा आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में सैकड़ों महिलाओं ने भजनों पर झूमकर अपनी अगाध आस्था प्रकट की।

कार्यक्रम का आयोजन झूलेलाल महिला मंडल के संरक्षक दीपक राजवानी और मोहन वासवानी के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर प्रांतीय पदाधिकारी गंगा मंगवानी, मंडल अध्यक्ष सोनिया नाथनी, सचिव वर्षा आडवाणी, उपाध्यक्ष नैना मुलानी और कोषाध्यक्ष भावना चांदनी तोलानी सहित मंडल की सभी सदस्याएं और पदाधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं।

समारोह की शुरूआत सर्वप्रथम भगवान गणेश, श्री स्वामी लीलाशाह महाराज और भगवान झूलेलाल के समक्ष ज्योति प्रज्ज्वलित कर तथा गणेश वंदना के साथ की गई। इसके पश्चात 'श्री जय अंबे संगीत मंडली' के सुंदर लालवानी जी ने एक से बढ़कर एक सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी। इन धार्मिक भजनों से पूरा माहौल पूरी तरह से धर्ममय हो गया।

सैकड़ों महिलाओं ने भजनों की धुनों पर झूमकर नृत्य किया, वहीं बड़ी संख्या में महिलाएं अपने स्थान पर बैठकर इन भजनों का आनंद लेती रहीं। भक्ति का यह अद्भुत नजारा देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो स्वयं स्वामी लीलाशाह महाराज उपस्थित होकर सभी महिलाओं को अपना आशीर्वाद दे रहे हों। कार्यक्रम के अंत में सभी महिलाओं ने सामूहिक रूप से महाआरती की। आरती के पश्चात सैकड़ों श्रद्धालुओं ने महाप्रसादी ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

### मालवी - निमाड़ी बोली पर विमर्श एवं कवि सम्मेलन आज, प्रदेश के साहित्यकार रहेंगे मौजूद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

साहित्य अकादमी मध्यप्रदेश शासन की प्रेमचंद सृजन पीठ द्वारा आज 14 मार्च शनिवार को रतलाम में मालवी- निमाड़ी बोली के संरक्षण-संवर्धन पर विमर्श एवं कवि सम्मेलन का आयोजन 14 मार्च शनिवार को प्रातः 11 बजे गुलाब चक्कर, पुराने कलेक्ट्रेट परिसर, रतलाम में किया जा रहा है। आयोजन में प्रदेश के मालवी निमाड़ी के साहित्यकार मौजूद रहेंगे।

डॉ. विकास दवे एवं प्रेमचंद सृजन पीठ, उज्जैन के निदेशक मुकेश जोशी ने बताया कि आयोजन के सारस्वत अतिथि सुपरिचित विद्वान डॉ. मुरलीधर चांदनीवाला होंगे। विश्वकीर्तिमानक मालवी दोहाकार डॉ. ओम जोशी कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे तथा वरिष्ठ निमाड़ी गीतकार शिशिर उपाध्याय मुख्य अतिथि, मालवी की वरिष्ठ कवयित्री डॉ. माया बदेका , वरिष्ठ निमाड़ी कवयित्री डॉ .रेखा मंडलोई (इंदौर) विशिष्ट अतिथि रहेंगी । कवि सुरेंद्र सर्किट के संचालन और व्यंग्यकार, गजलकार आशीष दशोत्तर के समन्वय में होने वाले इस आयोजन में दीपक पगारे (बड़वाह), कैलाश सोनी सार्थक (नागदा), जुझार सिंह भाटी , यशपाल तंवर, संजय परसाई 'सरल' (रतलाम), भरत पंड्या (रूपाखेड़ी ) आदि कविगण अपनी मालवी - निमाड़ी रचनाओं से रतलामवासियों को अपनी आंचलिकता से परिचित करवाएंगे।

# नए स्वरूप में बनेगी मालवीय बलाई समाज धर्मशाला

### पूर्व विधायक रामलाल मालवीय की अध्यक्षता में हुई बैठक; सड़क चौड़ीकरण के चलते टूटेगा आगे का हिस्सा, निर्माण के लिए तय की गई सहयोग राशि

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



बाबा महाकाल की पावन नगरी उज्जैन में आगामी सिंहस्थ मेले के आयोजन को लेकर शहर में सड़क चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है। इसके चलते हरसिद्धि मंदिर रोड स्थित ग्रामीण मालवीय बलाई समाज धर्मशाला के आगे का मुख्य भाग भी शासन-प्रशासन द्वारा हटाया जा रहा है। धर्मशाला की दशा और दिशा सुधारते हुए इसे एक नया और भव्य स्वरूप देने के लिए धर्मशाला समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक और होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

समिति के अध्यक्ष एवं उज्जैन के पूर्व विधायक रामलाल मालवीय की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक का भव्य शुभारंभ संविधान निमार्ता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। बैठक में उपस्थित सभी समाजजनों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि सिंहस्थ मेले के दृष्टिगत धर्मशाला का आकर्षक सौंदर्यीकरण और नवीन निर्माण कार्य करवाया जाएगा।

नवनिर्माण में समाज के हर वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सदस्यता शुल्क के रूप में सहयोग राशि निर्धारित की गई है। समिति द्वारा लिए गए प्रस्ताव के अनुसार, 11,000 रुपए की सहयोग राशि देने वाले को आजीवन स्थायी सदस्य, 5,100 रुपए में विशेष आमंत्रित सदस्य और 2,500 रुपए की राशि देने वाले को साधारण सदस्य बनाया जाएगा। इस महत्वपूर्ण बैठक का सफल संचालन भादवा माता धर्मशाला समिति के पूर्व अध्यक्ष अशोक खिंची (पिपलिया मंडी) ने किया तथा अंत में आभार उज्जैन धर्मशाला समिति के पूर्व अध्यक्ष रामसिंह मालवीय (शुजालपुर) ने माना। घट्टिया जनपद पंचायत के सदस्य बद्रीलाल मालवीय ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में मुख्य रूप से पूर्व जिला पंचायत सदस्य भारत मालवीय, जवाहरलाल मालवीय, हीरालाल मालवीय, आसाराम मालवीय, राम सिंह सिसोदिया, परमानंद मालवीय, विक्रमलाल मालवीय, रमेश मकवाना (सलामता), बलदेव मालवीय, सुनील मालवीय, सुभाष गहलोत, गिरधारीलाल चौहान, राजेंद्र सिसोदिया और मायाराम मालवीय सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## खबर एक नजर...

### कारखाने में काम करने वाली 200 महिलाओं का हुआ निःशुल्क दंत परीक्षण

**उज्जैन।** महिलाओं के बेहतर स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्धता को मूर्तरूप देते हुए, इंडियन डेंटल एसोसिएशन (आईडीए) की उज्जैन शाखा द्वारा एक विशाल और निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। डॉ. निहित सिंह राणा की अध्यक्षता में शहर के इंडस्ट्रियल एरिया स्थित 'श्रीजी पॉलीमर्स' में यह मेगा कैंप लगाया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य कारखाने में कार्यरत 'नारी शक्ति' को उनके ओरल हाइजीन (मुख स्वच्छता) के प्रति जागरूक करना था। इस शिविर में फैक्ट्री की करीब 200 महिलाओं के दांतों की विस्तार से जांच कर उन्हें उचित चिकित्सीय परामर्श दिया गया।

इस विशेष शिविर में महिला दंत चिकित्सकों की भूमिका बेहद अहम और प्रेरक रही। डॉ. तन्वी तिवारी और डॉ. तनुजा जैन ने उत्साहपूर्वक शिविर में भाग लेते हुए कामकाजी महिलाओं को दंत स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। उन्होंने महिलाओं को दांतों की सही देखभाल, नियमित दंत जांच के महत्व, सही ब्रशिंग तकनीक और मुख स्वच्छता बनाए रखने के जरूरी और आसान टिप्स दिए। शिविर में लाभान्वित हुई महिलाओं ने भी अपनी स्वास्थ्य समस्याओं को लेकर खुलकर चिकित्सकों से चर्चा की और संस्था की इस अनूठी पहल की मुक्त कंठ से सराहना की।

आयोजन को सफल बनाने में इंडियन डेंटल एसोसिएशन उज्जैन के पदाधिकारियों और सदस्य चिकित्सकों का विशेष योगदान रहा। संस्था के सचिव डॉ. अंकित बाबर, कोषाध्यक्ष डॉ. अपूर्व धारीवाल के साथ ही डॉ. सागर मारोठिया, डॉ. शुभम करोड़े, डॉ. जतिन चावड़ा एवं डॉ. प्रिंस कुशवाह ने शिविर में अपनी उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान कीं। इस पूरे आयोजन और शिविर के सफल समापन की जानकारी डॉ. शुभम करोड़े द्वारा दी गई।

# जनसांख्यिकीय लाभांश को विकास में बदलने के लिए संरचनात्मक सुधार जरूरी: प्रो. सामरा

### सम्राट विक्रमादित्य विवि में 'वैश्वीकरण और उदारीकरण का प्रभाव' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी; देशभर के अर्थशास्त्रियों ने आर्थिक सुधारों और चुनौतियों पर किया मंथन

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय की अर्थशास्त्र अध्ययनशाला और भारतीय आर्थिक परिषद् के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को 'भारत में वैश्वीकरण एवं उदारीकरण का प्रभाव' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का शानदार आगाज हुआ। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता कुलगुरु डॉ. अर्पण भारद्वाज ने की। संगोष्ठी के पहले दिन देशभर से आए प्रतिष्ठित अर्थशास्त्रियों और शिक्षाविदों ने 1991 के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था में आए बदलावों, एलपीजी मॉडल के फायदों और इससे उपजी चुनौतियों पर गहन मंथन किया।

**वैश्विक अर्थव्यवस्था से जुड़ाव और जनांककीय लाभांश पर जोर**

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर के प्रो. एस. एस. सामरा ने अपने बीज वक्तव्य में वर्तमान वैश्विक आर्थिक परिदृश्य पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने यूरोप और अमेरिका का उदाहरण देते हुए कहा कि आर्थिक विकास एक दीर्घकालिक प्रक्रिया है। वैश्वीकरण ने पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था को एक-दूसरे से गहराई से जोड़ दिया है। भारत के पास जनांककीय लाभांश की एक बड़ी ताकत है, जिसे सही नीतियों और संरचनात्मक सुधारों के जरिए विकास के बड़े अवसर में बदला जा सकता है। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना और विश्वविद्यालय के कुलगीत के साथ हुआ। विभागाध्यक्ष प्रो. एस. के. मिश्रा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए संगोष्ठी की प्रासंगिकता पर बात की। उन्होंने कहा कि वैश्वीकरण और उदारीकरण ने भारत के व्यापार और रोजगार के स्वरूप को पूरी तरह बदल दिया है।

वहीं, भारतीय आर्थिक परिषद् के समन्वयक डॉ. अनिल कुमार ठाकुर ने परिषद् के इतिहास और भारत के आर्थिक विकास क्रम पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि 1991 में अपनाए गए उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण (एलपीजी मॉडल) के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था कहीं अधिक खुली और विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी बन गई है।

**तकनीक और व्यापार बढ़ा, लेकिन असमानता भी एक चुनौती**

अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा से आए प्रो. एन. पी. पाठक ने आर्थिक सुधारों के ऐतिहासिक विकास और वैश्विक बाजारों के प्रभाव पर बात की। उन्होंने स्पष्ट किया कि वैश्वीकरण के कारण देश में व्यापार, पूंजी प्रवाह और तकनीकी विकास में तो तेजी आई है, लेकिन इसके साथ ही रोजगार के बदलते स्वरूप, सामाजिक असमानता और आर्थिक स्थिरता जैसी नई चुनौतियां भी सामने खड़ी हुई हैं।

**इन विद्वानों ने भी रखे विचार, गरिमामयी रही उपस्थिति-** संगोष्ठी में गुजरात विश्वविद्यालय (अहमदाबाद) के प्रो. संजय कुमार परदेसी, कोटा विश्वविद्यालय के डॉ. एस. के. कुलश्रेष्ठ और इग्नू (पुणे) के क्षेत्रीय निदेशक सदानंद सोयाबीन सहित अनेक विद्वानों ने विषय पर अपने विचार साझा किए।

## रसोई गैस पर एक्स्ट्रा चार्ज का खेल.. तय कीमत 972.50, एजेंसियां वसूल रहीं 980 से ज्यादा

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

अमेरिका, इजरायल, ईरान युद्ध का असर अब शहर की रसोई तक पहुंचने लगा है। एलपीजी सप्लाई प्रभावित होने से उज्जैन में घरेलू गैस सिलेंडरों की उपलब्धता कम हो गई है। इसके बीच कुछ गैस एजेंसियों पर निर्धारित कीमत से अधिक राशि वसूलने के आरोप भी सामने आए हैं, जिससे उपभोक्ताओं में नाराजगी बढ़ रही है।

जानकारी के अनुसार घरेलू एलपीजी सिलेंडर की निर्धारित कीमत लगभग 972 रुपये 50 पैसे है, लेकिन कई उपभोक्ताओं का आरोप है कि एजेंसियों या वितरण वाहनों पर सिलेंडर लेने जाने पर उनसे 980 रुपये या उससे अधिक वसूले जा रहे हैं। यह स्थिति तब है जब गैस सिलेंडरों की कमी के कारण उपभोक्ताओं को पहले ही बुकिंग और डिलीवरी में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उपभोक्ताओं का कहना है कि गैस बुकिंग के लिए कॉल करने पर कई बार नंबर नहीं लग रहा साथ ही एजेंसियों के द्वारा फोन रिसीव नहीं किए जा रहे हैं। इससे परेशान होकर कई लोग खुद एजेंसी या वितरण वाहन तक सिलेंडर लेने पहुंच रहे हैं। इसी दौरान अतिरिक्त राशि लिए जाने की शिकायतें सामने आई हैं। केडीगेट निवासी दिनेश राठौर ने बताया कि उन्होंने सिलेंडर की बुकिंग कराई थी, लेकिन लंबे समय तक डिलीवरी नहीं हुई। मजबूरी में वह खुद सिलेंडर लेने एजेंसी के वाहन पर पहुंचे।

# वेद संरक्षण की अनूठी पहल: विक्रमोत्सव में गूंजेंगे शुक्ल यजुर्वेद के स्वर

### दीप प्रज्वलन और ग्रंथ पूजन के साथ कल सुबह 10:30 बजे गुमानदेव हनुमान गढ़ी पर होगा शुभारंभ

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



सनातन संस्कृति और वेदों के संरक्षण की दिशा में शहर में एक अनूठा आयोजन होने जा रहा है। महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ, स्वराज संस्थान संचालनालय और मध्य प्रदेश शासन के संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित 'विक्रमोत्सव 2026' के तहत शनिवार को शहर के विभिन्न गुरुकुलों के विद्यार्थियों के बीच 'वैदिक मंत्रों की अंत्याक्षरी' का रोचक मुकाबला होगा। इस विशेष कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी और युवाओं को वेदों के प्रति आकर्षित कर उन्हें समर्पित करना है।

कार्यक्रम के संयोजक ज्यो. पं. चंदन श्यामनारायण व्यास ने बताया कि अनुष्ठान मंडपम ज्योतिष अकादमी के तत्वावधान में यह विशेष आयोजन 14 मार्च 2026 (शनिवार) को पिपलीनाका रोड स्थित श्री गुमानदेव हनुमान गढ़ी पर आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ प्रातः 10:30 बजे दीप प्रज्वलन और ग्रंथ पूजन के साथ होगा।

# महामंडलेश्वर को हनीट्रैप में फंसाने के षड्यंत्र पर संत समाज में भारी आक्रोश

### अखिल भारतीय संत समिति ने की कड़ी निंदा, मध्य प्रदेश सरकार से उच्चस्तरीय जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

उज्जैन स्थित श्री चार धाम मंदिर के 1008 महामंडलेश्वर पूज्य स्वामी शान्तिस्वरूपानंद गिरि जी महाराज को हनीट्रैप में फंसाने के षड्यंत्र का पदार्फाश होने के बाद देशभर के संत समाज में भारी आक्रोश है। अखिल भारतीय संत समिति ने इस घटना की घोर निंदा करते हुए इसे सनातन संत परंपरा को बदनाम करने की एक सोची-समझी और घृणित साजिश करार दिया है। संत समाज ने मध्य प्रदेश सरकार और प्रशासन से मामले की निष्पक्ष, गहन व उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

### आश्रमों और संपत्तियों पर असामाजिक तत्वों की कुदृष्टि

अखिल भारतीय संत समिति ने चिंता जताते हुए कहा है कि पिछले कुछ समय से आश्रमों, मंदिरों और धार्मिक संस्थाओं की संपत्तियों पर असामाजिक तत्वों की नजर है। ऐसे तत्व अपने स्वार्थ की पूर्ति, प्रबंधन में हस्तक्षेप और अनुचित लाभ लेने के लिए संतों पर दबाव बनाते हैं। उन्हें धमकाने और उनके चरित्र पर झूठे व मनगढ़ंत आरोप लगाकर बदनाम करने के कुत्सित प्रयास किए जा रहे हैं। श्री चार धाम मंदिर के पूज्य स्वामी शान्तिस्वरूपानंद गिरि जी महाराज भी ऐसे ही एक षड्यंत्र का शिकार होने से बाल-बाल बचे हैं। समिति का स्पष्ट मानना है कि यह घटना केवल एक संत के विरुद्ध नहीं, बल्कि समूचे सनातन धर्म और करोड़ों हिंदुओं की आस्था पर सीधा आघात है।

### 125 से अधिक संप्रदायों का संगठन स्वामी जी के साथ खड़ा

भारतभर के लगभग 125 से अधिक संप्रदायों का प्रतिनिधित्व करने वाले विशाल संगठन 'अखिल भारतीय संत समिति' ने इस प्रकरण में अपना रुख स्पष्ट कर दिया है। समिति ने ऐलान किया है कि वह स्वामी शान्तिस्वरूपानंद गिरि जी महाराज के साथ मजबूती से खड़ी है और उन्हें अपना पूर्ण नैतिक, आध्यात्मिक तथा सामाजिक समर्थन प्रदान करती है। संत समाज का मानना है कि इस तरह की घटनाओं से धार्मिक संस्थाओं की गरिमा और संत परंपरा के प्रति समाज की श्रद्धा को ठेस पहुंचती है।

### समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो आस्था को पहुंचेगा आघात

अखिल भारतीय संत समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष, कैवल्य ज्ञान पीठाधीश्वर अनन्त श्री विभूषित जगद्गुरु श्री अविचलदेवाचार्य महाराज ने इस षड्यंत्र पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि संतों को साजिशों में फंसाकर बदनाम करने की प्रवृत्ति समाज और सनातन परंपरा के लिए अत्यंत घातक है। यदि ऐसे कृत्यों पर समय रहते कठोर कार्रवाई नहीं हुई, तो यह धार्मिक संस्थाओं की पवित्रता और समाज की आस्था को गहरा आघात पहुंचा सकता है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि इस षड्यंत्र के पीछे छिपे असामाजिक तत्वों को तुरंत बेनकाब कर कानून के अनुसार कठोरतम दंड दिया जाए।

## निर्मला महाविद्यालय में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र में बोले वक्ता

# विकसित भारत-2047 में शिक्षकों की भूमिका और शिक्षा के रूपांतरण पर मंथन शुरू

### विद्यार्थियों के व्यक्तित्व और देश के निर्माण में शिक्षकों की भूमिका सबसे अहम नेप 2020 व भारतीय ज्ञान परंपरा पर होगी चर्चा

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन




निर्मला महाविद्यालय में विकसित भारत / 2047 के संदर्भ में शिक्षक शिक्षा का दृष्टिकोण एवं रूपांतरण विषय पर 13 और 14 फरवरी को आयोजित होने वाली दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का भव्य शुभारंभ हुआ। इस आयोजन में देशभर के शिक्षाविदों और विद्वानों ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (नेप) 2020 और भारतीय ज्ञान परंपरा के परिप्रेक्ष्य में शिक्षकों की बदलती और महत्वपूर्ण भूमिका पर विचार रखे।

मेजर डॉ. चंद्रशेखर शर्मा ने बताया कि उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता उज्जैन के मेट्रोपॉलिटन आर्चबिशप डॉ. सेबेस्टियन वडक्केल ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में एनसीटीई डब्ल्यूआरसी नई दिल्ली के निदेशक डॉ. शैलेश झाला मौजूद रहे। वहीं, सारस्वत अतिथि के रूप में सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन के कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज और विशिष्ट अतिथि के रूप में सरदार वल्लभभाई ग्लोबल यूनिवर्सिटी, अहमदाबाद (गुजरात) के कुलगुरु प्रो. सुभाष ब्रह्मभट्ट ने शिरकत की।

इनके अलावा उच्च शिक्षा विभाग के अतिरिक्त संचालक डॉ. एच.एल. एनीजवाल, निर्मला महाविद्यालय समूह के निदेशक डॉ. एंटोनी जोसेफ निरप्पेल, प्रबंधक फादर जोस कडप्पारेल, प्राचार्या एवं अकादमिक निदेशक डॉ. कीर्ति डिड्डी और निर्मला शिक्षा महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. पंकजा सोनवलकर मंचासीन रहीं।

## खबर एक नजर...

### उज्जैन में प्रॉपर्टी की दरें 100-150% तक बढ़ेंगी

उज्जैन में एक अप्रैल 2026 से नई कलेक्टर गाइडलाइन लागू होने जा रही है। जिला पंजीयक के प्रस्ताव के अनुसार शहर और ग्रामीण क्षेत्रों की 25 से अधिक लोकेशन पर प्रॉपर्टी की गाइडलाइन दरों में 100 से 150 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी प्रस्तावित है। इससे नए वित्तीय वर्ष से प्रॉपर्टी खरीदना महंगा हो जाएगा। जिला पंजीयक द्वारा तैयार किए गए प्रस्ताव में लगभग 25 से अधिक लोकेशन चिन्हित की गई हैं, जहां गाइडलाइन दरों में यह वृद्धि प्रस्तावित है। इस संबंध में उप जिला मूल्यांकन समिति की बैठक हो चुकी है, जिसमें नई दरों पर सहमति बन गई है। अब इस प्रस्ताव को जिला मूल्यांकन समिति की बैठक में रखा जाएगा। अधिकारियों के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों की गाइडलाइन दरों को युक्तियुक्त किया जा रहा है। वहीं, हाईवे से जुड़े क्षेत्रों की जमीनों की कीमतों में भी बढ़ोतरी प्रस्तावित है। इसके साथ ही, प्लानिंग एरिया का दायरा भी बढ़ाया गया है, जिसमें चिंतामण और मांगरोला क्षेत्र को शामिल किया गया है। इन इलाकों में नए आवासीय प्रोजेक्ट प्रस्तावित हैं या निर्माण कार्य शुरू हो चुके हैं।

# महिलाओं ने लिया अधिकारों के लिए सजग रहने का संकल्प, स्वरोजगार और कानूनी अधिकारों पर हुआ मंथन

**आईटीसी 'मिशन सुनहरा कल' के तहत एफ्रो संस्था का आयोजन; विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने दी लाभकारी योजनाओं की जानकारी**

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



महिलाओं को सशक्त बनाने और उन्हें अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आईटीसी 'मिशन सुनहरा कल' कार्यक्रम के अंतर्गत 'एफ्रो' संस्था द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करने के साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण और वित्तीय साक्षरता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। समारोह में उपस्थित महिलाओं ने अपने प्रेरणादायक अनुभव साझा किए और अपने अधिकारों के लिए लड़ने का संकल्प लिया।

### विभागीय योजनाओं से मिलेगी आर्थिक आजादी

राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की प्रतिनिधि ज्योति मैडम ने ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने वाली विभागीय योजनाओं की जानकारी दी, ताकि उनकी आय में वृद्धि हो और जीवन स्तर बेहतर बन सके। उद्यानिकी विभाग की ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी प्रवीना पवार और पूनम ठक्कर ने महिलाओं को विभिन्न उद्यानिकी योजनाओं से अवगत कराया। वहीं, कृषि विभाग से आईं कृषि विस्तार अधिकारी पुष्पलता डावर ने शासन की लाभकारी कृषि योजनाओं की जानकारी साझा की।

**कानूनी अधिकार और सुरक्षा पर हुआ मार्गदर्शन-** वन स्टॉप सेंटर से आईं रचना शर्मा ने महिलाओं और बच्चों के अधिकारों, परामर्श और उन्हें मिलने वाली मुफ्त कानूनी सेवाओं के बारे में विस्तार से बताया। 'कार्ड' संस्था की प्रतिनिधि अमृता चतुवेर्दी और मीनाक्षी तिवारी ने महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान और रोजगारोन्मुखी योजनाओं के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां दीं।

**इनकी रही गरिमामयी उपस्थिति, उत्कृष्ट कार्यों के लिए हुआ सम्मान-** कार्यक्रम में भोपाल आईटीसी मुख्यालय से विशेष अतिथि के रूप में श्री प्रसाद देसकर शामिल हुए। एफ्रो संस्था के परियोजना संचालक नीरज होल्कर ने परियोजना की वर्तमान गतिविधियों और जमीनी स्तर पर हो रहे कार्यों की जानकारी साझा की। इसके अलावा, सामाजिक कार्यकर्ता प्रीति पुरोहित और आईटीसी चौपाल सागर से राकेश पांडे भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस अवसर पर समाज में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं का सम्मान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन बृजमोहन सांवले ने किया। अंत में एफ्रो टीम द्वारा सभी अतिथियों व मातृशक्ति का आभार व्यक्त किया गया।

# लोक अदालत आज.. टैक्स बकायादारों के लिए छूट

**निगम की नेशनल लोक अदालत में संपत्ति कर व जलकर पर विशेष छूट, नगर निगम के सभी जोन कार्यालयों में काउंटर**

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

वित्तीय वर्ष के समापन से पहले नगर निगम ने बकाया कर वसूली को गति देने के लिए आज शनिवार 14 मार्च को शहर के सभी जोन कार्यालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया है। इस विशेष व्यवस्था के तहत शहर के करदाता अपने बकाया संपत्ति कर और जलकर का भुगतान कर निगम द्वारा दी जा रही निर्धारित छूट का लाभ उठा सकते हैं। नगर निगम प्रशासन के अनुसार लोक अदालत के दौरान करदाताओं को बकाया कर जमा करने पर नियमों के अनुसार पेनल्टी और अधिभार में राहत प्रदान की जा रही है। निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश पर सभी जोन कार्यालयों में कर वसूली के लिए विशेष काउंटर बनाए गए हैं, जहां निगम का पूरा अमला मौजूद रहेगा और करदाताओं को मौके पर ही भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अलावा नगर निगम मुख्यालय में भी नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अस्थाई काउंटर स्थापित किए गए हैं, ताकि अधिक से अधिक लोग आसानी से अपना बकाया कर जमा कर सकें। प्रशासनिक स्तर पर वरिष्ठ अधिकारियों को अपने-अपने जोन में बड़े बकायदारों से सीधे संपर्क कर उन्हें लोक अदालत के माध्यम से बकाया राशि जमा करने के लिए प्रेरित करने के निर्देश भी दिए गए हैं।




# सड़क चौड़ीकरण में लापरवाही.. आयुक्त ने सहायक यंत्री का 15 दिन का वेतन काटने और ठेकेदार पर 5 लाख की पेनल्टी के दिए निर्देश

**गदापुलिया-रविशंकर नगर लालपुल ब्रिज मार्ग के 18.95 करोड़ के प्रोजेक्ट का निरीक्षण; नाली का लेवल सही**

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



शहर में चल रहे सड़क चौड़ीकरण कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति को लेकर नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने सख्त रुख अपनाया है। शुक्रवार को निगमायुक्त ने गदापुलिया से रविशंकर नगर, जयसिंहपुरा होते हुए लालपुल ब्रिज रोड तक के चौड़ीकरण कार्य का मौके पर निरीक्षण किया और तकनीकी स्तर पर कार्यों की जांच की।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने ऑटो लेवल मशीन के माध्यम से स्वयं नाली के लेवल की जांच की, जिसमें नाली का स्तर मानकों के अनुरूप पाया गया। निरीक्षण के दौरान चौड़ीकरण कार्य में बाधक भवन को समय पर नहीं हटाए जाने पर उन्होंने सहायक यंत्री दीपक शर्मा पर नाराजगी जताते हुए 15 दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता सही से नहीं होने पर संबंधित ठेकेदार के खिलाफ 5 लाख रुपये की पेनल्टी लगाने के निर्देश भी दिए गए। आयुक्त ने स्पष्ट किया कि शहर के महत्वपूर्ण मार्गों के निर्माण में किसी भी प्रकार की तकनीकी या गुणवत्ता संबंधी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि निर्माण कार्य के दौरान स्थानीय रहवासियों की समस्याओं का तत्काल समाधान किया जाए। साथ ही नालियों में गिरने वाली सीएनडी सामग्री की तुरंत सफाई करवाई जाए, ताकि जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो। आयुक्त ने ठेकेदार को निर्माण कार्य की गति बढ़ाने के लिए आवश्यक संसाधन और श्रमिक बढ़ाने के निर्देश भी दिए। उल्लेखनीय है कि रविशंकर नगर, जयसिंहपुरा होते हुए लालपुल ब्रिज रोड तक प्रस्तावित मार्ग चौड़ीकरण परियोजना की कुल लंबाई 1.35 किलोमीटर और चौड़ाई 24 मीटर है, जिसकी लागत 18.95 करोड़ रुपये है। यह मार्ग शहर के यातायात दबाव को कम करने और आवागमन को सुगम बनाने के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### छेड़छाड़ के आरोपी को 3 साल की सजा

**रतलाम।** मंदिर छोडने के बहाने बाइक पर बैठाकर खेत में ले जाकर बालिका के साछ छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को कोर्ट ने 3 साल के कारावास की सजा सुनाई है। एक हजार रुपए के अर्थदंड से भी दंडित किया है। फैसला विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट राकेश कुमार शर्मा ने दिया है। सहायक निदेशक अभियोजन आशा शाक्यवार ने बताया ८ सिंतबर २२ को थाना सैलाना पर बालिका ने अपने पिता व भाई के साथ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बताया कि वह व उसकी दो बहनों के साथ गणेश मंदिर पर आरती के लिए जा रहे थे। रास्ते में उनके पडोस में रहने वाले अनिल पाटीदार (३५) पिता राजेश पाटीदार निवासी थाना सैलाना बाइक से उनके पास आया। कहा कि चलो वह उन्हें मंदिर छोड देगा। तीनों बहनें उसकी बाइक पर बैठ गई।

# मातृशक्ति साक्षात लक्ष्मी का स्वरूप, डिजिटलीकरण से महिलाएं हो रहीं आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त

**डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम विश्वविद्यालय में दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित;**

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



प्रदेश की अग्रणी शिक्षण संस्थाओं में शुमार डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम विश्वविद्यालय इंदौर में 'ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने में डिजिटलीकरण की क्षमता' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का भव्य आयोजन किया गया। भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित इस सेमिनार में मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर मूर्ति उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने भारतीय ज्ञान परंपरा और आधुनिक डिजिटल युग में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। विश्वविद्यालय की कुलगुरु डॉ. दीपिका पाठक ने प्रोफेसर मूर्ति का आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर कुलानुशासक डॉ. करुणाकर शुक्ला, उप कुलपति डॉ. राजीव विश्वकर्मा और कुलसचिव संदीप गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे। अपने उद्बोधन में कुलगुरु डॉ. दीपिका पाठक ने विश्वविद्यालय द्वारा ग्रामीण महिलाओं के उत्थान के लिए किए जा रहे कार्यों पर प्रकाश डाला।

# किन्नर अखाड़ा ने सिंहस्थ को लेकर किया मंथन, नये महामंडलेश्वर का किया पट्टाभिषेक

**मेला शिविर की व्यवस्थाओं व मूलभूत सुविधाओं को लेकर की चर्चा, विभिन्न प्रदेशों से आए महामंडलेश्वर एवं किन्नर संत हुए शामिल**

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




सिंहस्थ 2028 को भव्य और दिव्य स्वरूप देने की तैयारियों के बीच इंटरनेशनल किन्नर अखाड़ा की एक महत्वपूर्ण बैठक शहर के शिवांजलि गार्डन में आयोजित की गई। इस बैठक में देश के विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में किन्नर संत, महंत और श्रद्धालु शामिल हुए। बैठक के दौरान सिंहस्थ 2028 में किन्नर अखाड़ा की भागीदारी, व्यवस्थाओं और धार्मिक आयोजनों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

इस अवसर पर सानिध्य प्रदान करने पहुंचे अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष श्री महंत रवींद्रपुरी महाराज ने अपने सम्बोधन में कहां कि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन में पवित्र शिप्रा नदी को प्रवाहमान बनाने का जो संकल्प लिया गया है, वह सनातन धर्म और सिंहस्थ की परंपरा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण और सराहनीय पहल है। सेवक खेड़ी में बना रहे डेम से सिंहस्थ 2028 के दौरान आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं को शिप्रा के पावन जल में स्नान का अवसर और अधिक श्रद्धा एवं सुविधा के साथ प्राप्त होगा।

# बदमाशों ने खुद को इनकम टैक्स अधिकारी बताया और ठेकेदार के घर में घुसकर लाखों का सामान ले गए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बाग

धार जिले के बाग में शुक्रवार को फिल्म स्पेशल 26 जैसी वारदात सामने आई है। यहां के ब्राह्मण मोहल्ले में 5 बदमाशों ने खुद को इनकम टैक्स अधिकारी बताया और एक ठेकेदार के घर में घुसकर 60 तोला सोना (600 ग्राम), 3.5 लाख रुपए नकद और तीन मोबाइल फोन ले गए। भागते समय बदमाशों ने ठेकेदार और उनकी पत्नी को एक कमरे में बंद कर दिया था।

ठेकेदार राजकुमार मालवी के मुताबिक, वारदात सुबह करीब 10 बजे की है। बदमाशों ने खुद को आयकर अधिकारी बताया। कहा- आपके पास ब्लैक मनी होने की शिकायत मिली है। इसकी जांच करना है। इसके बाद वे घर की तलाशी लेने लगे। ठेकेदार के मुताबिक, बदमाशों ने पत्नी कृष्णा से अलमारी की चाबी ली। उसमें से करीब 50 तोला सोने के गहने (जिसमें बेटी के गहने भी शामिल थे) और ४ लाख रुपए नकद निकाल लिए। इसके बाद उन्होंने मुझे और पत्नी को एक कमरे में बंद कर दिया और बाहर से ताला लगा दिया। पुलिस ने ताला तोड़कर दंपती को बाहर निकाला।

घर में बंधक बने राजकुमार मालवी ने शोर मचाकर मोहल्ले वालों को इकट्ठा किया।



पड़ोसियों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। बाग पुलिस मौके पर पहुंची और बाहर लगे ताले तोड़कर मालवी दंपती को बाहर निकाला। इसके बाद दंपती ने पुलिस को पूरी घटना की जानकारी दी।

**जांच के दौरान एक मोबाइल कचरे में मिला**

सूचना मिलने पर कुक्षी एसडीओपी सुनील गुप्ता, कुक्षी टीआई राजेश यादव और बाग टीआई कैलाश चौहान मौके पर पहुंचे। उन्होंने घर का निरीक्षण किया। जांच के दौरान लुटेरों की ओर से ले जाए गए तीन मोबाइल में से एक बायपास रोड पर कचरे के ढेर में मिला है। कुछ देर बाद साइबर टीम , जिला पुलिस कप्तान मयंक अवस्थी एडिशनल एसपी विजय डावर सहित पुलिस अधिकारी बाग पहुंचे और पीड़ित परिवार से घटना की जानकारी ली।

एसपी मयंक अवस्थी ने बताया कि जिले के सभी थानों को बदमाशों की तलाश में लगाया गया है। आरोपी जल्द गिरफ्तार कर लिए जाएंगे ।

**वारदात ठेकेदार की पत्नी की जुबानी**

ठेकेदार की पत्नी कृष्णा मालवी के मुताबिक, काले रंग की स्कॉर्पियो से पांच लोग आए। दो पुलिस की ड्रेस में और तीन सादी ड्रेस में थे । एक के पास रिवाल्वर था । बोले- ञ्दरवाजा खोलो, भैया को बुलाओ।ञ्ज दरवाजा खोलते ही उन्होंने कहा कि वे इनकम टैक्स अधिकारी हैं। उन्होंने अलमारी, बिस्तर और पेटी देखना शुरू कर दिए।

## चाबी मांगकर लॉकर देखा फिर हमें एक कमरे में बंद कर दिया

कुल पांच लोग थे। वे हार और चूड़ी समेत 60 तोला सोना, 3.5 लाख नकद और तीन मोबाइल ले गए। दरवाजा अंदर से बंद कर दिया। आईडी मांगने पर कहा-ञ्बाद में देंगे, हमारी टीम 4 और जगह सर्चिंग कर रही है।ञ्ज ठेकेदार ने बताया कि पांचों लोग अंदर आए और नाम पूछकर जांच करने लगे। उन्होंने कहा, ञ्हम पहले रेकी कर आए हैं, तुम साइड में रहो, सरकारी काम में बाधा मत डालो। आपके पास ब्लैक मनी है।ञ्ज जब आईडी मांगी तो उन्होंने दिखाने से मना कर दिया । पुलिस ने फर्जी इनकम टैक्स अधिकारी बनकर की गई लूट की वारदात में इस्तेमाल की गई ब्लैक स्कॉर्पियो के सीसीटीवी फुटेज जारी किए हैं।

# वैकल्पिक ईंधन संसाधनों का उपयोग करें, अफवाहों पर ध्यान न दें

ब्रह्मास्त्र ▸▸ आलीराजपुर

कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में जिले के सभी होटल-रेस्टोरेंट संचालकों तथा पेट्रोल पंप संचालकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए ईंधन की उपलब्धता और वैकल्पिक संसाधनों के उपयोग पर चर्चा की गई।

बैठक के दौरान कलेक्टर



श्रीमती माथुर ने होटल और रेस्टोरेंट संचालकों से गैस सिलेंडर की उपलब्धता और संचालन में उपयोग किए जा रहे वैकल्पिक संसाधनों के बारे में जानकारी ली। कुछ संचालकों ने बताया कि वे एलपीजी गैस के विकल्प के रूप में डीजल भट्टी और इंडक्शन चूल्हों का उपयोग कर रहे हैं। कलेक्टर ने सभी संचालकों से आग्रह किया कि व्यवसाय को बाधित होने से बचाने के लिए ईंधन के वैकल्पिक संसाधनों का उपयोग करें और विपरीत परिस्थितियों में प्रशासन का सहयोग करें।

कलेक्टर श्रीमती माथुर ने बताया कि वर्तमान स्थिति में चिकित्सालय और शैक्षणिक संस्थानों को छोड़कर अन्य वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को कमर्शियल एलपीजी गैस की आपूर्ति अस्थायी रूप से नहीं की जाएगी।

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि वाणिज्यिक संस्थानों में घरेलू एलपीजी सिलेंडर का उपयोग नहीं किया जाए।

## किडनी की सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

बुरहानपुर। निमाड़ क्षेत्र के सबसे बड़े मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ऑल इज वेल, बुरहानपुर में विश्व किडनी दिवस के अवसर पर शुक्रवार, को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. मधुर मनियार ने ञ्किडनी की सुरक्षाञ्ज विषय पर व्याख्यान दिया। डॉ. मनियार ने बताया कि किडनी के मरीजों में नियमित डायलिसिस से जटिलताओं को टाला जा सकता है। उन्होंने किडनी ट्रांसप्लांट को भी एक प्रभावी उपचार विकल्प बताया। डॉ. मनियार ने डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर के मरीजों को सावधानी बरतने की सलाह दी।

# आबकारी विभाग ने 1400 पेटी बीयर से भरा ट्रक को अभिरक्षा में लिया



ब्रह्मास्त्र ▸▸ खरगोन

कसरावद सैलानी क्षेत्र के पास करीब 1400 पेटी बीयर से भरा ट्रक सड़क किनारे खड़ा मिलने से हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि यह ट्रक सिमरोल स्थित फैक्ट्री से बीयर लेकर 18 फरवरी को रवाना हुआ था, जिसे 19 फरवरी को खरगोन जिले के सनावद डिपो में डिलीवर किया जाना था।

जानकारी के अनुसार ट्रक का इंजन खराब हो जाने के कारण वाहन को सड़क किनारे खड़ा करना पड़ा। हालांकि कई दिनों तक ट्रक के वहीं खड़े रहने से कई तरह की आशंकाएं भी उठने लगी। ड्राइवर द्वारा डायल 112 के माध्यम से कसरावद थाने में सूचना देने की बात सामने आई है। इसके बाद कसरावद पुलिस ने मामले की जानकारी आबकारी विभाग को दी। सूचना मिलते ही आबकारी विभाग की टीम मौके पर पहुंची और बीयर से भरे ट्रक को फिलहाल अभिरक्षा में ले लिया है। आबकारी विभाग के मुकेश गौर ने बताया कि सूचना मिलने पर टीम मौके पर पहुंची और ड्राइवर से पूछताछ की गई। ड्राइवर ने बताया कि ट्रक का इंजन खराब होने के कारण वाहन खड़ा करना पड़ा था और इसकी सूचना ११२ पर कॉल कर कसरावद थाने थाने को दी गई थी। उन्होंने बताया कि बीयर से भरे वाहन का परमिट एक दिन का होता है और इसका निर्धारित मार्ग कसरावद, खरगोन और बेड़िया होते हुए सनावद डिपो तक था। वाहन ठीक होने के बाद परमिट की समय सीमा बढ़ाकर उसे गंतव्य तक भेजा जाएगा।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में घरेलू गैस एवं ईंधन आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बड़वानी

जिले में घरेलू रसोई गैस सहित ईंधन की पर्याप्त उपलब्धता है और आम उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है,उपभोक्ताओं को घबराने की आवश्यकता नहीं है। कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागृह बड़वानी में जिले में घरेलू गैस एवं ईंधन की निर्बाध आपूर्ति हेतु जिले के घरेलू गैस एजेंसियों के प्रतिनिधियों,पेट्रोल पंप संचालकों एवं केटरिंग असोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में बीपीसीएल, एचपीसीएल, आईओसीएल एजेंसियों के प्रतिनिधि वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से ऑनलाइन उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर श्रीमती सिंह ने समस्त अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में घरेलू गैस सिलेंडर एवं ईंधन वितरण की स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जाए।

# टीईटी अनिवार्यता के खिलाफ शिक्षकों का आंदोलन तेज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बुरहानपुर

मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) की अनिवार्यता के खिलाफ शिक्षकों का आंदोलन तेज हो गया है। शिक्षकों का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद उन्हें टीईटी परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य कर दिया गया है, जो उनके लिए बड़ी समस्या है। शिक्षकों की मांग है कि 29 जुलाई 2011 से पहले नियुक्त शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से छूट दी जाए। उनका कहना है कि उन्होंने अपनी नियुक्ति के समय एनसीईटी द्वारा निर्धारित सभी अहताएँ पूरी कर नौकरी पाई है, इसलिए उन पर नए नियम लागू करना सही नहीं है 4 5। शिक्षक संगठनों ने सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर की है और आंदोलन की तैयारी में जुट गए हैं। वे दिल्ली में धरना-प्रदर्शन करने की रणनीति बना रहे हैं, ताकि सरकार पर दबाव बनाया जा सके।

## खबर एक नजर...

### एचपीवी वैक्सीन को लेकर फैली भ्रांतियों को लेकर जागरूक किया

टांडा(धार)। नरवाली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर शुक्रवार को स्वास्थ्य अमले ने एचपीवी वेक्सिनेशन को लेकर लोगो जागरूक किया। इस दौरान टीकाकरण अभियान भी चलाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीएमओ डॉ हरिसिंह मुवेल के मार्गदर्शन में डॉ यश जैन न स्वास्थ्य टीम के द्वारा स्वास्थ्य केंद्र पर कुल 30 मरीजों की जांच की गई। जिनमें 17 एएनसी (गर्भवती महिलाओं) की जांच शामिल रही। साथ ही 8 महिलाओं को टीटी के टीके लगाए गए। इस दौरान एचपीवी वैक्सीन को लेकर फैली भ्रांतियों और मिथकों के बीच डॉ. यश जैन ने नरवाली स्वास्थ्य केंद्र के स्टाफ के साथ मिलकर लोगों को जागरूक किया। डॉ जैन ने बताया महिलाओं में तेजी से बढ़ रही सर्वाइकल कैंसर जैसी गम्भीर बीमारी की रोकथाम के लिए यह टिका जरूरी है। समय रहते टिका लगने से प्रभावी बचाव संभव है। शासन की पहल पर 14-15 साल की बालिकाओं को यह टिका शासकीय अस्पताल में निःशुल्क लगाया जा रहा है। इस अभियान को लेकर सेक्टर सुपरवाइजर रमेश मेंढ़ा, एएनएम प्रीति राठौर, सीएचओ किरण भाटिया और सोनम पाटीदार ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। सभी के प्रयासों से 3 बच्चियों को एचपीवी वैक्सीन का लाभ दिलाया गया।

### विज्ञान मंथन यात्रा 2025-26 हेतु संदिपनियन का चयन किया

मण्डलेश्वर। मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, भोपाल द्वारा आयोजित विज्ञान मंथन यात्रा 2025-26 के अंतर्गत सांदीपनी एकेडमी मंडलेश्वर के लिए अत्यंत गौरव का विषय है कि विज्ञान संकाय के मेधावी छात्र ऋषभ पाटीदार का चयन इस प्रतिष्ठित शैक्षणिक यात्रा के लिए किया गया है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत चयनित विद्यार्थियों को वैज्ञानिक संस्थानों के शैक्षणिक भ्रमण पर ले जाया जाएगा। प्राप्त पत्रानुसार अप्रैल माह में चयनित विद्यार्थियों को भारत के प्रमुख अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान इसरो तथा श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के भ्रमण का अवसर प्राप्त होगा। इस दौरान विद्यार्थियों को अंतरिक्ष विज्ञान, प्रक्षेपण प्रणाली तथा आधुनिक वैज्ञानिक अनुसंधानों के बारे में प्रत्यक्ष जानकारी दी जाएगी। विद्यालय से इस यात्रा के लिए 15 से अधिक विद्यार्थियों का पंजीयन कराया गया था, जिसमें श्री गगन पुराणिक जीवविज्ञान तथा श्री संजय वर्मा इंचार्ज) के विशेष प्रयास एवं मार्गदर्शन का महत्वपूर्ण योगदान रहा। विद्यालय परिवार के लिए यह अत्यंत हर्ष और गर्व का विषय है कि हमारे छात्र को देश के अग्रणी वैज्ञानिक संस्थान के भ्रमण का अवसर प्राप्त हुआ है।

### नेशनल लोक अदालत में विद्युत विभाग द्वारा दी जायेगी छूट

बड़वानी। जिला न्यायालय सहित तहसील न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन 14 मार्च को किया जायेगा। जिसमें विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के अन्तर्गत लंबित प्रकरणों में निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू समस्त कृषि, 5 किलोवाट भार तक के गैर घरेलू 10 अश्वशक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को निम्नानुसार छूट दी जायेगी। प्री-लिटिगेशन स्तर पर कंपनी आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं आकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छमाही चक्र वृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले बयाज की राशि पर छूट दी जावेगी।

### उपशमन सामाजिक कल्याण प्रकोष्ठ समिति की बैठक संपन्न

रतलाम। महापौर प्रहलाद पटेल के निर्देशानुसार नगर निगम शहरी गरीबी उपशमन सामाजिक कल्याण प्रकोष्ठ सलाहकार समिति की बैठक समिति प्रभारी रामू भाई डाबी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। आयोजित बैठक में अनुशंसा की गई कि वृद्धावस्था, दिव्यांग सहित अन्य पेंशन के हितग्राहियों का वार्षिक सत्यापन शीघ्र-अतिशीघ्र किया जाये ताकि पेंशनधारियों को किसी प्रकार की असुविधा ना हो।



## ईरान-इजराइल जंग का असर, दीपिका पादुकोण का पेरिस इवेंट छूटा

**मिडिल ईस्ट तनाव से इंटरनेशनल फ्लाइट्स प्रभावित, सुरक्षा कारणों से फैशन शो में नहीं पहुंचीं**

बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण को हाल ही में एक बड़ा झटका लगा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक ईरान और इजराइल के बीच बढ़ते युद्ध तनाव का असर अब एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री तक पहुंच गया है। इसी कारण दीपिका को पेरिस में होने वाले एक खास इंटरनेशनल इवेंट में शामिल होने का प्लान कैंसिल करना पड़ा। दरअसल, दीपिका पादुकोण को फ्रांस की राजधानी पेरिस में होने वाले एक बड़े फैशन शो में हिस्सा लेना था। वह इस इवेंट के लिए पहले से तैयारियां भी कर चुकी थीं और उनकी टीम लगातार इसकी प्लानिंग कर रही थी। लेकिन मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव और सुरक्षा कारणों से कई फ्लाइट्स प्रभावित हो गईं, जिसकी वजह से उनका पेरिस जाना संभव नहीं हो पाया। मिड-डे की रिपोर्ट के मुताबिक दीपिका को 9 मार्च के आसपास पेरिस के लिए रवाना होना था। लेकिन अचानक कई अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के रद्द होने और ट्रैवल अनिश्चितता के कारण उनकी टीम को आखिरी वक्त में यह फैसला लेना पड़ा कि वह इस बार इवेंट में शामिल नहीं होंगी। बताया जा रहा है कि दीपिका इस इवेंट के लिए अपने आउटफिट और स्टाइलिंग की तैयारियां भी कर चुकी थीं। वह एक ग्लोबल लग्जरी ब्रांड की एंबेसडर होने के नाते इस शो में शामिल होने वाली थीं।

# हंसिका मोटवानी और सोहेल खतूरिया का तलाक

**4 साल बाद खत्म हुआ रिश्ता, एक्ट्रेस ने नहीं मांगी कोई एलिमनी**



एक्ट्रेस हंसिका मोटवानी और बिजनेसमैन सोहेल खतूरिया ने आपसी सहमति से अपनी शादी खत्म कर ली है। मुंबई की फैमिली कोर्ट ने दोनों को म्यूचुअल डिवोर्स दे दिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों पिछले साल यानी 2024 से अलग-अलग रह रहे थे और अब कानूनी तौर पर भी उनका रिश्ता खत्म हो गया है।

सूत्रों के अनुसार, तलाक की प्रक्रिया शांतिपूर्ण तरीके से पूरी हुई और दोनों ने आपसी सहमति से अलग होने का फैसला किया। खास बात यह है कि हंसिका मोटवानी ने इस सेटलमेंट के दौरान एलिमनी की मांग नहीं की। उन्होंने बिना किसी आर्थिक दावे के ही तलाक के लिए सहमति दे दी।



हंसिका और सोहेल की शादी दिसंबर 2022 में बेहद भव्य अंदाज में हुई थी। राजस्थान के जयपुर स्थित ऐतिहासिक किले में दोनों ने शाही अंदाज में सात फेरे लिए थे। इस शादी में परिवार और करीबी दोस्तों के अलावा फिल्म और बिजनेस जगत के कई लोग शामिल हुए थे। शादी की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुए थे। हालांकि शादी के कुछ समय बाद ही दोनों के रिश्ते में दूरियां आने की खबरें सामने आने लगी थीं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 2024 में दोनों अलग रहने लगे थे। इसके बाद उन्होंने आपसी बातचीत के जरिए शादी को खत्म करने का फैसला किया और कोर्ट में म्यूचुअल डिवोर्स की अर्जी दी। फैमिली कोर्ट ने दोनों पक्षों की सहमति को देखते हुए तलाक की अर्जी मंजूर कर ली। बताया जा रहा है कि इस पूरी प्रक्रिया के दौरान दोनों ने एक-दूसरे के प्रति सम्मानजनक रवैया बनाए रखा और बिना किसी विवाद के मामले को सुलझा लिया।

फिलहाल हंसिका मोटवानी अपने करियर पर फोकस कर रही हैं और कई फिल्म और वेब प्रोजेक्ट्स पर काम कर रही हैं। वहीं सोहेल खतूरिया भी अपने बिजनेस में व्यस्त हैं।



## कृतिका कामरा-गौरव कपूर ने घर पर रजिस्टर्ड मैरिज की

**लाल चंदेरी साड़ी में दिखीं एक्ट्रेस सहवाग-युवराज समेत कई स्टार्स पहुंचे**

एक्ट्रेस कृतिका कामरा और मशहूर होस्ट गौरव कपूर शादी के बंधन में बंध गए हैं। 11 मार्च की शाम मुंबई के बांद्रा स्थित अपने घर पर दोनों ने एक निजी समारोह में रजिस्टर्ड मैरिज की। कृतिका और गौरव ने किसी बड़े ताम-झाम और पारंपरिक शादी की बजाय घर पर ही शादी करने का फैसला किया। समारोह में केवल परिवार के सदस्य और कुछ करीबी दोस्त ही शामिल हुए।

**मां की गिफ्ट की हुई लाल चंदेरी साड़ी पहनी-** शादी के मौके पर कृतिका कामरा लाल रंग की चंदेरी साड़ी में बेहद खूबसूरत नजर आईं। खास बात यह है कि यह साड़ी उन्हें उनकी मां ने गिफ्ट की थी। इसे कृतिका के अपने ब्रांड 'सिन्नाबार' ने तैयार किया है, जो पारंपरिक चंदेरी कला को बचाने और महिला कारीगरों को बढ़ावा देने का काम करता है। वहीं, गौरव कपूर ने डिजाइनर राघवेंद्र राठौड़ का आइवरी और गोल्ड रंग का ट्रेडिशनल आउटफिट पहना, जो शाम के माहौल से मेल खा रहा था।

**क्रिकेट और बॉलीवुड शामिल हुए-** शादी के बाद घर की छत (टेरेस) पर एक आफ्टर-पार्टी रखी गई। इसमें क्रिकेट जगत से वीरेंद्र सहवाग, जहीर खान और युवराज सिंह पहुंचे। वहीं बॉलीवुड और टीवी इंडस्ट्री से नेहा धूपिया, अंगद बेदी, सोहा अली खान, मलाइका अरोड़ा और पूजा गौर जैसे सितारे शामिल हुए।

**सलमान खान की नई सुपरहीरो कॉमेडी फिल्म में**

# सामंथा रुथ प्रभु की एंट्री की चर्चा तेज



फिल्म जगत में इन दिनों एक बड़े प्रोजेक्ट को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। खबरों के अनुसार अभिनेत्री समंथा रुथ प्रभु निर्देशक जोड़ी आर एंड डीके की आगामी सुपरहीरो हास्य फिल्म में अभिनेता सलमान खान के साथ काम करने को लेकर बातचीत कर रही हैं। हालांकि अभी तक इस फिल्म को लेकर आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है, लेकिन इस संभावित सहयोग की खबर ने फिल्म जगत और दर्शकों के बीच उत्सुकता बढ़ा दी है।

बताया जा रहा है कि यह फिल्म बड़े स्तर पर तैयार की जा रही है और इसमें रोमांच, हास्य और मनोरंजन का अनोखा मेल देखने को मिल सकता है। राज निदिमोरु और कृष्णा डीके की यह निर्देशक जोड़ी अपनी अलग शैली और नई तरह की कहानियों के लिए जानी जाती है। उन्होंने पहले भी कई लोकप्रिय रचनाएं बनाई हैं, जिनमें चर्चित धारावाहिक द फैमिली मेन और गुन्स एंड गुलाब्स शामिल हैं। इन रचनाओं की सफलता के बाद अब यह जोड़ी बड़े परदे के लिए एक नई और



अलग तरह की कहानी लेकर आने की तैयारी में है।

सूत्रों के अनुसार इस फिल्म की कहानी एक ऐसे सुपरहीरो के इर्द-गिर्द घूमती है जो लंबे समय तक दुनिया को बचाने के बाद अब थक चुका है और अपने सुपरहीरो जीवन से संन्यास लेना चाहता है। वह सामान्य और शांत जीवन जीना चाहता है, लेकिन परिस्थितियां बार-बार उसे उसी संघर्ष की ओर खींच ले जाती हैं। धीरे-धीरे हालात ऐसे बनते हैं कि उसे फिर से एक बड़े संकट का सामना करने के लिए आगे आना पड़ता है।

कहानी की खास बात यह बताई जा रही है कि इसमें गंभीर घटनाओं के साथ हास्य का भी भरपूर मिश्रण होगा। फिल्म में सुपरहीरो की पारंपरिक छवि से अलग एक हल्का-फुल्का और मनोरंजक अंदाज देखने को मिल सकता है। दर्शकों को इसमें रोमांचक घटनाओं के साथ-साथ हास्यपूर्ण संवाद और परिस्थितियां भी देखने को मिलेंगी।

इसी बीच यह भी खबर सामने आई है कि सामंथा रुथ प्रभु को फिल्म में एक महत्वपूर्ण भूमिका के लिए विचार किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि सामंथा और राज निदिमोरु-कृष्णा डीके के बीच पहले से ही अच्छा रचनात्मक संबंध रहा है। फिल्म से जुड़े लोगों का मानना है कि सामंथा इस भूमिका के लिए उपयुक्त हो सकती हैं और उनकी उपस्थिति से फिल्म को नया आकर्षण मिल सकता है।

यदि यह बातचीत सफल रहती है और सामंथा इस परियोजना से जुड़ती हैं, तो यह उनके अभिनय जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव माना जाएगा। दक्षिण भारतीय फिल्मों में अपनी मजबूत पहचान बनाने के बाद अब वह हिंदी सिनेमा में भी अपनी उपस्थिति को और मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। ऐसे में सलमान खान जैसे लोकप्रिय अभिनेता के साथ काम करना उनके लिए एक बड़ा अवसर माना जा रहा है। दूसरी ओर सलमान खान भी इस समय कई महत्वपूर्ण फिल्मों की तैयारी में व्यस्त हैं। उनकी आगामी फिल्म इं३३ी ड्ढा ऱ्रॢ६ल्ल जल्द ही दर्शकों के सामने आने वाली है। यह फिल्म वास्तविक घटनाओं से प्रेरित बताई जा रही है और इसका निर्देशन अपूर्वा लखी ने किया है। इस फिल्म में सलमान खान के साथ अभिनेत्री चित्रांगदा सिंह भी प्रमुख भूमिका में दिखाई देंगी। बताया जा रहा है कि यह फिल्म 17 अप्रैल 2026 को सिनेमाघरों में प्रदर्शित की जाएगी।

इसके अलावा सलमान खान के बारे में यह भी चर्चा है कि वह निर्माता दिल राजू के साथ एक नई फिल्म में भी काम कर सकते हैं। हालांकि इस परियोजना के बारे में अभी अधिक जानकारी सामने नहीं आई है और दर्शक इसके आधिकारिक ऐलान का इंतजार कर रहे हैं। उधर सामंथा रुथ प्रभु के पास भी आने वाले समय में कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं हैं। उनकी अगली फिल्म मॉं इंटी बंगाराम एक तेलुगु एक्शन प्रधान नाटक फिल्म है, जिसमें वह मुख्य भूमिका निभा रही हैं। इस फिल्म के साथ ही सामंथा बतौर निर्माता भी नई शुरुआत कर रही हैं।

# कुलदीप ने अपनी दुल्हन के साथ डांस मूव्स किए

## हल्दी में मस्ती करते नजर आए युजवेंद्र चहल, आज शादी में आ सकते हैं रोहित शर्मा-सूर्याकुमार यादव




ब्रह्मास्त्र ›› मसूरी

क्रिकेटर कुलदीप यादव की शादी के फंक्शन मसूरी में हो रहे हैं। शुक्रवार सुबह 11 बजे से हल्दी की रस्म शुरू हुई, जो दोपहर करीब दो बजे तक चली, जिसमें क्रिकेटर युजवेंद्र चहल समेत कई मेहमानों ने ढोल की थाप पर जमकर डांस किया। हल्दी के दौरान चहल कुलदीप-वंशिका के चेहरे पर हल्दी लगाते दिखे।

इसके बाद कुलदीप यादव भी अपनी होने वाली दुल्हन वंशिका सिंह के साथ डांस करते दिखाई दिए। दोनों ने दोस्तों और रिश्तेदारों के बीच डांस मूव्स दिखाए, जिसके कई वीडियो सामने आए हैं।

हल्दी के बाद मेहमानों के लिए स्पेशल लंच रखा गया, जिसमें एक थाली की कीमत 20 हजार रुपए से ज्यादा बताई जा रही है। शाम 6 बजे से मसूरी के आईटीसी सेवॉय होटल में कॉकटेल पार्टी शुरू हो गई है, जहां मेहमानों के साथ संगीत और जश्न का दौर चल रहा है।

**गौतम गंभीर भी शामिल हो सकते हैं-** क्रिकेटर रिंकू सिंह अपनी मंगेतर प्रिया सरोज के साथ पहुंचे हैं। मसूरी में पहुंचने के दौरान युजवेंद्र चहल ने मीडिया से कहते नजर आए कि ह्यभाई की शादी है, फुल डांस होगा।

कॉकटेल पार्टी में शामिल होने तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज भी पहुंच सकते हैं। वहीं सूत्रों की मानें तो शनिवार को शादी समारोह में सूर्यकुमार यादव, रोहित शर्मा और भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर के भी शामिल होने की उम्मीद है।

**बचपन की दोस्त से शादी कर रहे कुलदीप-** कुलदीप अपनी मंगेतर और बचपन की दोस्त वंशिका सिंह के साथ 14 मार्च को शादी के बंधन में बंधेंगे। मसूरी में होने वाली इस शादी को लेकर होटल और आसपास के इलाकों में खास तैयारियां की गई हैं। अभी होटल में कुलदीप यादव के दोस्त मस्ती और डांस कर रहे हैं।

यह रॉयल वेडिंग उत्तराखंड के मसूरी स्थित आलीशान आईटीसी सेवॉय होटल में हो रही है। शादी के कार्यक्रम 12 मार्च से शुरू हुए थे, जो 14 मार्च तक चलेंगे। डिजिटल इन्विटेशन कार्ड में मेहंदी, हल्दी, संगीत, कॉकटेल और शादी के मुख्य कार्यक्रम की पूरी जानकारी साझा की गई है।

कुलदीप 12 मार्च को देहरादून पहुंचे थे, जहां उनका जोरदार स्वागत हुआ। इसके बाद वह कार से मसूरी पहुंचे। होटल के एंट्री गेट पर कुलदीप यादव नाचते और जश्न मनाते हुए नजर आए।

डिजिटल इन्विटेशन कार्ड की शुरूआत भगवान गणेश की वंदना से की गई है। कार्ड को रॉयल और मॉडर्न लुक दिया गया है, जिसमें कुलदीप यादव और वंशिका सिंह के एनिमेटेड अवतार भी नजर आते हैं।

कपल ने अपनी शादी के लिए #Kulvansh चुना है। यह हैश-टैग कुलदीप के नाम के कुल और वंशिका के नाम के वंश को मिलाकर बनाया गया है। माना जा रहा है कि शादी से जुड़े फोटो और वीडियो इसी हैश टैग के साथ सोशल मीडिया पर शेयर किए जाएंगे।

# हार्दिक पंड्या के खिलाफ तिरंगे के अपमान की शिकायत



## वर्ल्ड कप जीत के जश्न के दौरान फ्लैग ओढ़कर जमीन पर लेटने का आरोप

ब्रह्मास्त्र ›› अहमदाबाद

क्रिकेटर हार्दिक पंड्या के खिलाफ तिरंगे के अपमान को लेकर बेंगलुरु में शिकायत दर्ज कराई गई है। पुणे के वकील वाजिद खान बिडकर ने यह शिकायत की है। टी-20 वर्ल्ड कप में भारत की जीत के बाद अहमदाबाद में जश्न के दौरान पंड्या पर तिरंगे का सम्मान न करने का आरोप लगाया गया है।

शिकायतकर्ता के अनुसार, टीम इंडिया की जीत के बाद मैदान पर जश्न मनाते हुए कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए। एक वीडियो में पंड्या अपने कंधे पर तिरंगा ओढ़कर मैदान पर नाचते और दौड़ते हुए दिखाई दे रहे हैं।

आरोप है कि जश्न के दौरान पंड्या अपनी गर्लफ्रेंड के साथ मंच पर लेटे दिखे। उस समय भी उनके कंधे पर तिरंगा था। शिकायतकर्ता का कहना है कि यह राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान के खिलाफ है। वकील वाजिद खान ने कहा कि द प्रिवेंशन ऑफ इंसल्ट्स टु नेशनल ऑनर एक्ट, 1971 के अनुसार तिरंगे की गरिमा बनाए रखना अनिवार्य है। उनका आरोप है कि जश्न के दौरान हार्दिक पंड्या इस बात का ध्यान नहीं रख पाए, जिसे राष्ट्रीय ध्वज का अपमान माना जा सकता है। इस मामले में उन्होंने इसी कानून की धारा 2 के तहत शिकायत दर्ज कराई है। यह कानून राष्ट्रीय ध्वज, संविधान और राष्ट्रगान जैसे राष्ट्रीय प्रतीकों के अपमान को रोकने के लिए बनाया गया है। इसके तहत तिरंगे को जमीन पर गिरने देना, उसे अनुचित तरीके से पहनना या किसी भी तरह उसकी गरिमा को ठेस पहुंचाना दंडनीय माना जाता है।

लोन... लोन... लोन...
श्रीराम फाइनेंस कंपनी
द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन,
पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन,
महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे
कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154









सीतारमण ने कहा

## सरकार ने बनाया एक लाख करोड़ का आर्थिक स्थिरीकरण फंड



ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया कि सरकार ने एक लाख करोड़ रुपये का आर्थिक स्थिरीकरण कोष बनाया, जो भारत को वैश्विक चुनौतियों से पैदा होने वाले आर्थिक झटकों से निपटने में मदद करेगा। सरकार ने चालू वित्त वर्ष में 2.81 लाख करोड़ रुपये अतिरिक्त खर्च के लिए लोकसभा से अनुमति मांगी है।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि एक लाख करोड़ रुपये का आर्थिक स्थिरीकरण कोष (इकोनॉमिक स्टेबलाइजेशन फंड) सरकार को वैश्विक चुनौतियों का सामना करने के लिए अतिरिक्त वित्तीय मदद देगा। लोकसभा में पूरक अनुदान मांगों पर चर्चा का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि यह फंड पश्चिम एशिया जैसी जगहों पर अचानक पैदा होने वाली समस्याओं से अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले झटकों को संभालने में मदद करेगा। उन्होंने कहा, एक लाख करोड़ रुपये का आर्थिक स्थिरीकरण फंड भारत को वैश्विक परिस्थितियों से पैदा होने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए वित्तीय गुंजाइश देगा। सरकार ने चालू वित्त वर्ष में 2.81 लाख करोड़ रुपये अतिरिक्त खर्च करने की अनुमति लोकसभा से मांगी है। लेकिन सरकार को 80 हजार करोड़ रुपये अतिरिक्त आय भी मिलने की उम्मीद है। इसलिए इन दोनों को मिलाने के बाद सरकार को वास्तव में 2.01 लाख करोड़ रुपये ही अतिरिक्त खर्च करने पड़ेंगे। सीतारमण ने कहा कि चालू वित्त वर्ष (2025-26) में राजकोषीय घाटा संशोधित अनुमान (आरई) के भीतर ही रहेगा। 2025-26 के संशोधित अनुमान में राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 4.4 फीसदी आंका गया है, जो 2025-26 के बजट अनुमान के बराबर है।

एलपीजी : रोटी-डोसा रेस्तरां के मेन्यू से गायब, चाय की जगह नींबू पानी

# रसोई तक कैसे पहुंचा पश्चिम एशिया का तनाव?

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

पश्चिम एशिया के युद्ध के कारण भारत में एलपीजी रसोई गैस की किल्लत चर्चा में है। हालांकि, सरकार ने दावा किया है कि ऐसी कोई बात नहीं है और अब भी ढाई दिनों के भीतर घरेलू उपभोक्ताओं को रसोई गैस सिलिंडर मिले, इसे सुनिश्चित किया जा रहा है। हालांकि, होटलों और रेस्तरां की बात करें तो जमीनी हकीकत कुछ और ही कहानी बयां कर रहे हैं। कई शहरों के रेस्तरां के मेन्यू से रोटी-डोसा जैसी बुनियादी चीजें गायब होने की खबर है। आइए इस हालात को समझने की कोशिश करते हैं।

अगर आप आज अपने पसंदीदा रेस्टोरेंट में गर्मागर्म डोसा, पूरी या अपनी पसंद की चाय पीने जा रहे हैं, तो शायद ऐसा करने में देश के कुछ हिस्सों में आपको निराशा हाथ लग सकती है। पश्चिम एशिया में चल रहे तनाव ने भारत में वाणिज्यिक रसोई गैस का भारी संकट पैदा कर दिया है। हालात इतने गंभीर हैं कि मुंबई, बंगलूरू, चेन्नई और दिल्ली-एनसीआर में बड़े पैमाने पर होटल और रेस्तरा कमर्शियल गैस सिलिंडर की आपूर्ति प्रभावित होने से संकट में हैं। कई जगहों पर मेन्यू छोटे किए जा रहे हैं। खाना पकाने वाली गैस की सप्लाई घटने से राशनिंग की नौबत आ गई है। आइए एक आम उपभोक्ता के नजरिए से समझते हैं खाड़ी में चल रहा यह युद्ध हमारी थाली अब कैसे प्रभावित करने लगा है?

- **आखिर रेस्टोरेंट, कैंटीन और हॉस्टल में चल क्या रहा है?**
- **जवाबः** गैस बचाने के लिए कुक अब ऐसा खाना बना रहे हैं जिसमें कम ईंधन की खपत हो ताकि गैस का स्टॉक लंबे समय तक चल सके।
- **मेन्यू में बदलावः** चेन्नई, बेंगलुरु और हैदराबाद जैसे शहरों में रेस्टोरेंट ने डोसा और पूरी जैसे ज्यादा गैस खपत वाले व्यंजन बनाना बंद कर दिया है। नई दिल्ली के एक ढाबे के बाहर तो बकायदा बोर्ड लगा दिया गया कि 'आज सिर्फ दाल-चावल मिलेंगे'।
- **चाय-कॉफी पर संकटः** गुजरात की एक ऑटोमोबाइल फैक्ट्री की कैंटीन ने तली हुई चीज बंद कर दी हैं और चाय की जगह नींबू पानी और गर्म सूप की जगह छाछ देना शुरू कर दिया है।



- **हॉस्टल और पीजीः** हैदराबाद के आईटी कॉरिडोर में हॉस्टल वालों ने राजमा और छोले जैसी चीजें बनानी बंद कर दी हैं, जिससे उत्तर भारतीयों को खासी परेशानी हो रही है। दिल्ली हाईकोर्ट की कैंटीन में भी मुख्य भोजन हटाकर केवल सैंडविच, सलाद और फ्रूट चाट दिए गए।
- **भारत में इस रसोई गैस संकट की असली वजह क्या है?**
- **जवाबः** इस संकट की जड़ें पश्चिम एशिया में अमेरिका-इस्राइल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध से जुड़ी हैं।
- युद्ध के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य और खाड़ी क्षेत्र से होने वाले व्यापारिक जहाजों की आवाजाही पर रोक लग गई है।
- इससे ऊर्जा और परिवहन लागत बढ़ गई है और पश्चिम एशिया से तेल व गैस का उत्पादन बुरी तरह प्रभावित हुआ है।
- दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा एलपीजी आयातक होने के नाते भारत पर इसका सीधा और गहरा असर पड़ा है।
- **इस संकट से छोटे कारोबारियों और टूरिज्म पर क्या असर पड़ रहा है?**
- **जवाबः** इस गैस किल्लत से हॉस्पिटैलिटी सेक्टर और छोटे व्यवसायों पर दोहरी मार पड़ी है:
- **रेस्तरां बंदीः** पुणे का मशहूर 'मॉडर्न कैफे' गैस खत्म होने के कारण लगातार दो दिन बंद रहा।
- पर्यटन पर खतरा उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और गोवा जैसे पर्यटन राज्यों में होटल मालिक डरे हुए हैं। धर्मशाला होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष अश्वनी बाम्बा के मुताबिक, गैस की अनिश्चितता के कारण होटल वाले एडवांस बुकिंग लेने से कतरा रहे हैं।
- **फूड डिलीवरीः** एलारा सिक्योरिटीज के विश्लेषक करण तौरानी का मानना है कि इस ईंधन संकट से रेस्टोरेंट की क्षमता घटेगी और फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म्स पर भी असर पड़ेगा। लोग अब इलेक्ट्रिक ओवन और फ्रायर का इस्तेमाल करने वाले 'क्विक सर्विस चेन' की तरफ रुख कर सकते हैं।
- **हालात से निपटने के लिए क्या जुगाड़ और विकल्प अपनाए जा रहे हैं?**
- **जवाबः** संकट से बचने के लिए कारोबारी और सरकार अलग-अलग तरह के विकल्प आजमा रहे हैं:
- **इलेक्ट्रिक और माइक्रोवेवः** आईआरसीटीसी ने रेलवे स्टेशनों पर अपनी कैटरिंग यूनिट्स को इंडक्शन और माइक्रोवेव का इस्तेमाल करने का निर्देश दिया है।
- **लकड़ी और कोयलाः** भुवनेश्वर नगर निगम ने सड़क किनारे के ढाबों के लिए कोयले और जलाऊ लकड़ी पर लगा प्रतिबंध फिलहाल हटा लिया है। वहीं मुंबई की बेकरियां भी अपने पुराने लकड़ी वाले ओवन फिर से चालू करने की अनुमति मांग रही हैं। बायोगैस का उपयोगः बेंगलुरु की 'एम्पायर रेस्टोरेंट चेन' ने बायोगैस प्लांट के ईंधन से काम चलाना शुरू कर दिया है। इसके सीईओ शाकिर हक का कहना है कि भविष्य के लिए डुअल-फ्यूल (दोहरे ईंधन) सिस्टम पर विचार किया जा रहा है।

### और क्या उपाय हो रहे?

यूपी में मिट्टी के तेल (केरोसिन) को आपातकालीन विकल्प के रूप में देखा जा रहा है, जबकि महाराष्ट्र नेचुरल गैस लिमिटेड पुणे के रेस्टोरेंट्स को पाइप्ड गैस कनेक्शन देने की पेशकश कर रही है। इसके अलावा, सरकार ने रिफाइनरियों को उत्पादन बढ़ाने के आपातकालीन आदेश भी दिए हैं।

### आगे क्या होने वाला है?



**जवाबः** स्थिति अभी चुनौतीपूर्ण है। बेंगलुरु पीजी ओनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष अरुणकुमार डीटी के अनुसार, पीजी के पास मुश्किल से 4-5 दिन का गैस स्टॉक बचा है। कम ऊर्जा वाले व्यंजन बनाकर इसे दो दिन और खींचा जा सकता है। जब तक गैस की आपूर्ति स्थिर नहीं हो जाती, तब तक सामान्य मेन्यू पर वापस आना मुश्किल है।

पश्चिम एशिया के इस भू-राजनीतिक संकट ने यह साबित कर दिया है कि हमारी रसोई भी ग्लोबल सप्लाई चेन से गहराई से जुड़ी है। जब तक हालात सामान्य नहीं होते, तब तक आम आदमी को बाहर खाने में सीमित विकल्पों से ही काम चलाना पड़ेगा। यह स्थिति रेस्तरां और कारोबारियों के लिए एक बड़ा सबक है कि किसी एक तरह के ईंधन पर निर्भर रहना कितना जोखिम भरा हो सकता है।

अब बार-बार रिन्यूअल कराने का झंझट खत्म

# रजिस्ट्रेशन और लाइसेंस को मिलेगी आजीवन वैधता

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

क्या आपका भी खाने-पीने का कारोबार है? तो आपके लिए खुशखबरी है। अब खाद्य नियामक एफएसएसएआई के लाइसेंस का बार-बार नवीकरण कराने का झंझट खत्म हो गया है। फसाई ने रजिस्ट्रेशन को आजीवन वैधता दे दी है। साथ ही टर्नओवर लिमिट और स्ट्रीट वेंडर्स के लिए नियमों में बड़े बदलाव किए हैं। पूरी खबर पढ़ें और जानें कि एमएसएमई और कारोबारियों को इससे क्या फायदा होगा।

'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' को बढ़ावा देने की दिशा में भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने एक बड़ा कदम उठाया है। शुक्रवार को फूड रेगुलेटर ने घोषणा की कि अब उसके रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट और लाइसेंस की वैधता आजीवन होगी। इस फैसले के बाद फूड बिजनेस से जुड़े कारोबारियों (एफबीओ) को अब अपने लाइसेंस बार-बार रिन्यू कराने की आवश्यकता नहीं होगी। स्वास्थ्य मंत्रालय ने 10 मार्च से कई व्यापक विनियामक और प्रक्रियात्मक सुधारों को अपनी मंजूरी दे दी है। फसाई के अनुसार, इन सुधारों को राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों और हितधारकों के साथ विस्तृत विचार-विमर्श के बाद अंतिम रूप दिया गया है। ये बदलाव नीति आयोग की गैर-वित्तीय विनियामक सुधारों पर गठित उच्च स्तरीय समिति की सिफारिशों के पूरी तरह से अनुरूप हैं।

**नए नियमों का व्यापार और सेक्टर पर प्रभाव-** रिन्यूअल से मुक्ति और कम लागतः पहले फसाई रजिस्ट्रेशन और लाइसेंस एक से पांच साल तक की अवधि के लिए जारी किए जाते थे। आजीवन वैधता मिलने से सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए कंप्लायंस कॉस्ट (अनुपालन लागत) घटेगी, कागजी कार्रवाई कम होगी और लाइसेंसिंग अधिकारियों से बार-बार संपर्क करने की जरूरत खत्म होगी। इससे ऑपरेशन्स में सुधार आएगा।

**10 लाख स्ट्रीट वेंडर्स को राहतः** दोहरे अनुपालन की समस्या को खत्म करने के लिए, नगर निगमों या टाउन वेंडिंग कमेटियों (स्ट्रीट वेंडर्स एक्ट, 2014) के तहत रजिस्टर्ड स्ट्रीट फूड वेंडर्स को एफसाई के तहत 'डीम्ड रजिस्टर्ड' माना जाएगा। इससे 10 लाख से अधिक स्ट्रीट वेंडर्स को कई विभागों में चक्कर लगाने से मुक्ति मिलेगी और वे अपनी आजीविका और स्वच्छता पर अधिक ध्यान दे सकेंगे।

**जोखिम आधारित निरीक्षणः** नियमों का पालन करने वाले कारोबारियों को प्रोत्साहित करने के लिए तकनीक आधारित नया 'डायनेमिक रिस्क-बेस्ड इंस्पेक्शन फ्रेमवर्क' लागू किया गया है। अब निरीक्षण खाद्य पदार्थ की प्रकृति से जुड़े जोखिम, पिछले अनुपालन रिकॉर्ड, थर्ड-पार्टी ऑडिट के प्रदर्शन और निगरानी गतिविधियों के आधार पर किया जाएगा।

### टर्नओवर लिमिट में भी किया गया बड़ा बदलाव

नियामक बोझ को कम करने के लिए लाइसेंसिंग और रजिस्ट्रेशन की टर्नओवर सीमा में भी अहम बदलाव किए गए हैं। फसाई ने बताया कि 1 अप्रैल 2026 से रजिस्ट्रेशन के लिए टर्नओवर की सीमा को 12 लाख रुपये से बढ़ाकर 1.5 करोड़ रुपये कर दिया जाएगा। इसके साथ ही राज्य और केंद्र के अधिकारों को भी स्पष्ट किया गया है। अब 50 करोड़ रुपये तक के टर्नओवर वाले व्यवसायों के लिए स्टेट लाइसेंस की आवश्यकता होगी, जबकि 50 करोड़ रुपये से अधिक के टर्नओवर वाले व्यवसायों पर सेंट्रल लाइसेंसिंग के नियम लागू होंगे। इस कदम का उद्देश्य राज्य के अधिकारियों को उनके अधिकार क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा नियमों की निगरानी और प्रवर्तन पर अधिक प्रभावी ढंग से ध्यान केंद्रित करने में सक्षम बनाना है। नियामक का मानना है कि इन सुधारों से न केवल खाद्य उद्योग के लिए पारदर्शी और व्यापार-अनुकूल माहौल बनेगा, बल्कि नियामक संसाधनों का इस्तेमाल सिर्फ प्रवर्तन और क्षमता निर्माण जैसे जरूरी कार्यों में अधिक प्रभावी ढंग से किया जा सकेगा।

वार्ता पर विराम का दावा निराधार

# पीयूष गोयल बोले- तेजी से आगे बढ़ रहा भारत-ब्रिटेन एफटीए

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

पीयूष गोयल ने अपने संबोधन में भारत-ईएफटीए व्यापार समझौते के महत्व पर भी जोर दिया और इसे यूरोप के साथ भारत के आर्थिक संबंधों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि इस समझौते ने यूरोपीय क्षेत्र के साथ गहरे आर्थिक संबंधों की शुरूआत की और आगे अन्य व्यापार समझौतों का रास्ता भी खोला।

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत और ब्रिटेन के बीच होने वाला मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) जल्द लागू हो सकता है। उन्होंने बताया कि ब्रिटेन में इस समझौते को मंजूरी देने की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है। राष्ट्रीय राजधानी में एसोचैम द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए बोलते हुए केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत-ब्रिटेन व्यापार समझौता तेजी से आगे बढ़ रहा है और यह ब्रिटेन की संसद द्वारा सबसे तेजी से मंजूर किए जाने वाले व्यापार समझौतों में से एक बन सकता है। उन्होंने बताया कि यह समझौता 24 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ब्रिटेन यात्रा के दौरान चेकर्स में हस्ताक्षरित किया गया था। केंद्रीय मंत्री ने उम्मीद जताई कि यह समझौता जल्द ही लागू हो सकता है। उन्होंने कहा कि इस समझौते की तेजी से प्रगति दोनों देशों के बीच मजबूत सहयोग और लंदन में भारतीय राजनयिक टीम के प्रयासों को दशार्ती है। मंत्री ने अपने संबोधन में भारत-ईएफटीए व्यापार समझौते के महत्व पर भी जोर दिया और इसे यूरोप के साथ भारत के आर्थिक संबंधों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि इस समझौते ने यूरोपीय क्षेत्र के साथ गहरे आर्थिक संबंधों की शुरूआत की और आगे अन्य व्यापार समझौतों का रास्ता भी खोला। पीयूष गोयल ने बताया कि ईएफटीए समझौते के बाद भारत ने ब्रिटेन के साथ भी व्यापार समझौता किया और बाद में 27 देशों वाले यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ भी समझौते पर सहमति बनी। उन्होंने कहा कि यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उसुर्ला वॉन डेर लेयेन ने भारत-ईयू समझौते को 'मदर ऑफ ऑल डील्स' बताया था।

## खबर एक नजर...

### उज्जैन में अंतरराष्ट्रीय किन्नर अखाड़ा की बैठक

**उज्जैन।** उज्जैन में सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के संबंध में इंटरनेशनल किन्नर अखाड़ा की एक महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार को आयोजित की गई। बैठक में आचार्य महामंडलेश्वर डॉ. लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने विभिन्न राज्यों से आए किन्नर संतों को महामंडलेश्वर और श्रीमहंत की उपाधि प्रदान की। साथ ही सिंहस्थ में भूमि आवंटन और धर्म से संबंधित अन्य मुद्दों पर भी चर्चा हुई। यह बैठक उज्जैन के शिवांजलि गार्डन में संपन्न हुई। इसमें अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविंद्र पुरी महाराज और देश के विभिन्न राज्यों से आए किन्नर संत एवं पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य सिंहस्थ में अखाड़े की व्यवस्थाओं, मयार्दाओं और भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श करना था।बैठक के उपरांत, इंटरनेशनल किन्नर अखाड़ा की आचार्य महामंडलेश्वर डॉ. लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने विधि-विधान से कई किन्नर संतों का पट्टाभिषेक किया। इस समारोह में चांदी के शंख से दुग्धाभिषेक, केसरिया शॉल ओढ़ाकर और पुष्प वर्षा के बीच वैदिक मंत्रोच्चार किए गए। इस अवसर पर सूरत के दिलीपनंद गिरी, तेलंगाना के महाकालीनंद गिरी, राजस्थान के कामाख्यानंद गिरी सीतारमण और उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ गढ़ी मानिकपुर की रेखानंद गिरी को महामंडलेश्वर की उपाधि से सम्मानित किया गया। वहीं, गुजरात की नंदिनीनंद गिरी, महाराष्ट्र के अकोला से गणेशानंद गिरी के साथ-साथ इंदौर की सुनहरी नंद गिरी, आकांक्षा नंद गिरी, गुंजन नंद गिरी, अलोपी नंद गिरी और खुशीनंद गिरी को श्रीमहंत बनाया गया।

### आज होगा अभा कवि सम्मेलन, देश के ख्यात कवि होंगे शामिल

**उज्जैन।** महाराजा विक्रमादित्य शोध पीठ एवं संस्कृति विभाग, मध्य प्रदेश शासन के तत्वावधान में आयोजित विक्रम उत्सव-2026 के अंतर्गत 14 मार्च को टावर चौक पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति के सदस्य और सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कार्यपरिषद् सदस्य राजेश सिंह कुशवाह ने बताया यह सम्मेलन उज्जैन की गौरवशाली साहित्यिक परंपरा को अक्षुण्ण रखने का प्रयास है। रात 8:30 बजे से कवि सम्मेलन शुरू होगा। अभा कवि सम्मेलन में देश के मूर्धन्य रचनाकार आएंगे। सूत्रधार दिनेश दिग्गज होंगे।

### उज्जैन में भट्टी फैक्ट्री में 10 दिन की वेटिंग, गैस की किल्लत के बाद डिमांड बढ़ी

**उज्जैन।** ईरान, इजराइल-अमेरिका युद्ध के चलते पुरे देश में गैस आपूर्ति प्रभावित हुई है। उज्जैन सहित प्रदेश में रेस्टोरेंट संचालकों को कमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई बंद कर दी गई है। गैस सिलेंडर की सप्लाई बाधित होने से सबसे ज्यादा दिक्कतों का सामना रेस्टोरेंट संचालक को करना पड़ रहा है। रेस्टोरेंट संचालक अब गैस सिलेंडर के विकल्प की तलाश में भट्टी बनवा रहे हैं, लेकिन भट्टी बनाने वालों के पास एकाएक इतने ऑर्डर आ गए कि करीब 10 से 15 दिन की वेटिंग के बाद भी भट्टी नहीं मिल पा रही है। इधर, घरेलू गैस सिलेंडर की जगह लोग इंडेक्शन खरीद रहे हैं। शहर के कई इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकानों पर इंडेक्शन खरीदने वालों की भीड़ लग रही है। व्यापारी बता रहे हैं कि पहले रोजाना करीब तीन से चार या कभी पांच इंडक्शन बिकते थे, लेकिन दो दिन से 20 से 25 इंडेक्शन बिकने लगे हैं। उज्जैन में रोजाना करीब डेढ़ लाख श्रद्धालु महाकाल मंदिर दर्शन करते हैं। इसमें से करीब एक लाख श्रद्धालु बाहर से आकर रुकते भी हैं। लोग यहां अलग-अलग रेस्टोरेंट में खाना खाते हैं। उज्जैन शहर में करीब 700 से अधिक रेस्टोरेंट हैं। इसमें सबसे ज्यादा महाकाल मंदिर के आसपास, रेल स्टेशन, बस स्टेशन फ्रीगंज, सराफा, इंदौर और उज्जैन रोड पर मौजूद हैं। इनमें से अधिकांश पर कमर्शियल गैस सिलेंडर से खाना बनता है। कर्मशियल गैस सिलेंडर की सप्लाई बंद हुई तो रेस्टोरेंट संचालक अन्य विकल्प तलाशने लगे। इनमें से 75 प्रतिशत संचालक डीजल की भट्टी बनवा रहे हैं, लेकिन एकाएक डिमांड बढ़ी तो फैक्ट्री में भी एक साथ इतना माल बनाने में दिक्कत का सामना करना पड़ गया। ढांचा भवन स्थित डायमंड फैक्ट्री के संचालक राजेश शर्मा ने बताया कि गैस के कारण डीजल भट्टी का काम बंद ही हो गया था।

### इंटरसिटी एक्सप्रेस में हुई थी वारदात, चुराया मोबाइल भी मिला

# कैमरों की मदद से पकड़ाया कैमरा चोरी करने वाला बदमाश

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ उज्जैन

इंटरसिटी एक्सप्रेस में पंजाब की महिला का कैमरा अज्ञात बदमाश ने चोरी कर लिया था। जीआरपी-आरपीएफ की टीम ने कैमरों की मदद से 10 दिनों बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जिसके पास से चोरी का मोबाइल भी बरामद हुआ है।



जीआरपी थाना प्रभारी अमित कुमार भावसार ने बताया कि 3 मार्च को पंजाब के जीरकपुर की रहने वाली आंचल धीमान ने शिकायत दर्ज कराई थी कि वह इंटरसिटी एक्सप्रेस से दिल्ली की यात्रा कर रही थी। उज्जैन स्टेशन पर ट्रेन का स्टापेज होने पर वह प्लेटफार्म पर उतरी थी, उसी दौरान स्लीपर कोच में सीट पर रखा 35 हजार कीमत का कैमरा अज्ञात बदमाश ने चोरी कर लिया। शिकायत पर चोरी का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया और आरपीएफ टीम के साथ जीआरपी की टीम ने सीसीटीवी कैमरों के फुटेज चैक किये गये। जिसके आधार पर नागदा आउटर के पास से एक युवक को हिरासत में लिया गया। जिससे पूछताछ में नाम बलराम पटेल निवासी हर्रई थाना बरगी जिला जबलपुर सामने आया। सख्ती करने पर उसने कैमरा चोरी करना कबूल कर लिया। उसकी निशानदेही पर कैमरा बरामद कर लिया गया है। बदमाश के पास से एक रियलमी कंपनी का मोबाइल मिला, वह भी चोरी का सामने आया। बरामद कैमरे और मोबाइल की कीमत 47 हजार से अधिक पाई गई है। बदमाश का पूर्व में भी अपराधिक रिकार्ड होना सामने आया है। शुक्रवार दोपहर आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से केन्द्रीय जेल भैरवगढ़ भेजा गया है। 10 दिनों में चोरी का खुलासा करने में प्रधान आरक्षक वीर भूपेन्द्र, आरक्षक राहुलसिंह, जितेन्द्र छाड़ी, अमित जादौन और आरपीएफ टीम का सहयोग रहा।

## लुंगी के फंदे से लटका मिला अधेड़

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ उज्जैन

किराये के मकान में रहने वाला अधेड़ शुक्रवार सुबह लुंगी के फंदे पर लटका मिला। मकान मालिक ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। मृतक अधेड़ अकेला रहता था।

कृष्णा परिसर में पवन नामक व्यक्ति के मकान में नरेन्द्र पिता विजयसिंह राणावत 49 साल किराये से अकेला रहता था और कृषि उपज मंडी में काम करता था। शुक्रवार सुबह मकान मालिक ने उसे लुंगी के फंदे से लटका देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल पहुंचाया और मर्ग कायम किया। मकान मालिक के अनुसार नरेन्द्र अविवाहित था और करीब 2 साल से उसके यहां रह रहा था। पुलिस ने परिजनों का पता लगाने के बाद दोपहर में पोस्टमार्टम कराया। फांसी लगाने की वजह सामने नहीं आई है। ना ही घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट मिला है।



**ठेकेदार ने जहर खाकर किया सुसाइड-** इंदौररोड स्थित ग्राम करोहन में रहने वाला प्रकाश पिता गंगाराम पांचाल मकान निर्माण की ठेकेदारी करता था। उसकी ग्राम दाऊदखेड़ी में साइड चल रही थी। गुरूवार देर शाम उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। साइड पर काम करने वाले मजूदर उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां कुछ देर बाद मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद मामले की जांच शुरू की है। आशंका जताई जा रही है कि आर्थिक परेशानी के चलते उसने आत्मघाती कदम उठाया है।

## पुलिस लाइन में डीआईजी ने किया वार्षिक निरीक्षण



**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ उज्जैन

पुलिस लाइन रक्षित केन्द्र का शुक्रवार को डीआईजी द्वारा वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का उद्देश्य पुलिस बल की दक्षता, अनुशासन और संसाधनों की उपलब्धता की समीक्षा करना था।

डीआईजी नवनीत भसीन और एसपी प्रदीप शर्मा पुलिस लाइन रक्षित केन्द्र पहुंचे थे। जहां उन्होने परेड़ की सलामी लेने के साथ पुलिसकर्मियों का टर्न आउट देखा, जिसके बाद वार्षिक निरीक्षण की शुरूआत कर उन्होने पुलिस लाइन स्थित महत्वपूर्ण इकाइयों स्टोर (रसद विभाग) और आर्म्स शाखा (शस्त्रागार) का निरीक्षण किया। शस्त्रागार में हथियारों के रखरखाव की जांच की निरीक्षण उपरांत पुलिस सम्मेलन में पुलिस कर्मियों से सीधा संवाद किया और उनके कल्याण के लिये घोषणा कर फीड बैक साझा किये। उन्होने ड्यूटी पर तैनात महिला और पुरुष पुलिस कर्मियों की सुविधा के लिए पुलिस लाइन में एक आधुनिक 'झूला घर' के संचालन पर चर्चा की गई, ताकि ड्यूटी के दौरान उनके छोटे बच्चों की देखभाल सुरक्षित वातावरण में हो सके। पुलिस परिवार के बच्चों के बेहतर शैक्षणिक भविष्य के लिए दिशा लर्निंग सेंटर के सुदृढ़ीकरण पर जोर दिया गया। यहीं नहीं विभागीय समस्याओं, अवकाश और अन्य दस्तावेजी कार्यों के त्वरित निराकरण के लिए सिंगल विंडो सिस्टम को अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। पुलिसकर्मियों के बेहतर स्वास्थ्य, कानूनी प्रशिक्षण के साथ आधुनिक पुलिसिंग के लिए विशेष सत्र आयोजित करने की बात कही गई। पुलिसकर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि अनुशासन ही पुलिस विभाग की नींव है।







# Luxury Villas near Jim Corbett ...



## अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

## वर्ग पहेली





### बाएं से दाएं

1. पैगंबर, खुदाई रहनुमा-2
4. कारगुजारी, करिश्मा-4
7. दौड़ना (अंग्रेजी-2)
8. पासे फेंक कर भविष्य जानने की विद्या-3
9. गहराई-2
10. राय, वोट-2
12. आलीशान, उदार-3
14. नकारना, इंकार करना-2, 3
15. चोरी करना-2, 3
17. राशन, खाद्य सामग्री-3
19. गन्ना-2
21. हर रोज, प्रतिदिन-2
23. वाद्य बजाने वाला-3
24. शारीरिक ऊंचाई-2
25. जहां ताजिए दफन करते हैं-4
26. महीन व मूल्यवान कपड़ा-4

### ऊपर से नीचे

1. हमेशा, हर पल, सदैव-4
2. जनता, लोक-2
3. द्रव पदार्थ-3
4. नागपुर के पास का एक कस्बा जहां जापान के सहयोग से भव्य बौद्ध मंदिर बना है-4
5. और, एवं-2
6. मन भटकाना-4
11. झगड़ा, कहासुनी-4
13. कोमलता-4
14. राजी करना-3
15. सहखिलाड़ी-4
16. चौकीदार, प्रहरी-4
18. कीचड़-4
20. नगद राशि-3
22. पानी से सराबोर-2
24. थोड़ा, जरा-2

## पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 145 | | 31 | | 32 | | 50 | = | 94 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 60 | | 30 | | 20 | | 25 | = | 25 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 50 | | 44 | | 24 | | 15 | = | 15 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 10 | | 5 | | 40 | | 15 | = | 25 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 45 | | 40 | | 36 | | 25 | = | 59 / 16 |


## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सु | रा | मा | त | र | र | अ | ट | गु | क | वि |
| दी | बी | सू | ह | क्ष | ल | जी | दि | ल | क्षे | ज |
| वा | र | ल | द | अं | त | त | मा | मो | ल | य |
| सं | वि | दा | ला | ल | क | या | हा | ह | व | म |
| दा | ज | न | प | व | म | डे | डी. | म्स | सी | चें |
| दि | य | य | स | जि | स्क | क | इ | द | म | ट |
| बे | ह | बु | मां | या | म | र | ह | र | जा | श |
| श | जा | य | ला | ज | र | सौ | डी. | ट | फ | धी |
| मों | रे | त | सू | ह | रे | दा | बे | जे. | र | र |
| मि | ल | य | त | र | ट | क | वें | न | गां | थ |
| या | र | म | न | लों | या | इ | र | म्हे | ह | धी |


## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | | 3 | 5 | 1 | |
| 2 | 32 | 4 | 39 | 7 | 34 | 4 |
| | 1 | | 4 | | 5 | 2 |
| | 30 | 3 | 38 | 6 | 31 | |
| 1 | 2 | | 6 | | 7 | |
| 3 | 27 | 2 | 25 | 1 | 31 | |
| | 6 | 1 | 4 | | 3 | 5 |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजों...




## रंग भरकर चित्र बनाओ



# ब्रह्मास्त्र

स्वागतम् 2026

## तीन-तीन बहुरंगीय कैलेंडर




## दो वितरित और तीसरा पंचांग कैलेंडर जल्द आपके हाथों में

**श्री राम लला मंदिर और श्री महाकाल पोस्टर कैलेंडर वितरित**

**हिन्दू नववर्ष नव संवतसर पर पंचांग-तिथि कैलेंडर**

**हॉकर से अपनी प्रति सुरक्षित करें और लेते रहे एक एक करके तीनों कैलेंडर**

**9977755777, 77710 90777, 9617957337, 9893047988, 0734 4041777, 0731 4085777**

■ वर्ष-12 अंक-129 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, शनिवासर: 14 मार्च, 2026

## सुभाषितानि

ॐ असतो मा सद्गमय। तमसो मा ज्योतिर्गमय।
मृत्योमार्मृतं गमय।।

**भावार्थ** : हे प्रभु! हमें असत्य से सत्य की ओर ले चलो, अंधकार से प्रकाश की ओर ले चलो, मृत्यु से अमरत्व की ओर ले चलो

प्रामाण्यबुद्धिर्वेदेषु साधनानामनेकता।
उपास्यानामनियमः एतद् धर्मस्य लक्षणम्।।

**भावार्थ** : वेदों में प्रमाणीकरण बुद्धि, साधना के रूप में विविधता, और पूजा के संबंध में नियमन का, यह केवल नियम ही नहीं बल्कि हमारे धर्म की विशेषताएं हैं।


## सम्पादकीयम्

### शिखरस म्मेलनात् अपेक्षाः

अनुपालनस्य समयसीमा अपि सर्वकारेण न्यूनीकृता अस्ति। सामग्री यथा वेगेन ऑनलाइन वायरल् भवति तत् दृष्ट्वा क्रियायाः वेगं वर्धयितुं आवश्यकम् आसीत्। सामाजिकमाध्यममञ्चाः तेषां वरिष्ठाधिकारिणः च कार्यवाही कर्तुं प्रभारी स्थापिताः, यत् सर्वथा सम्यक अस्ति। एताः कम्पनयः उपयोक्तृ-अधिकारं गोपनीयतां च वीणावादयित्वा पलायितुं न शक्नुवन्ति; तेषां उत्तरदायित्वं अपि अवश्यं भवितव्यम्। प्रौद्योगिक्याः आव्हानाः भारते विश्वे सर्वाधिकं सामाजिकमाध्यमस्य उपयोक्तारः सन्ति, अन्तर्जालस्य उपयोगः ८६% तः अधिकेषु गृहेषु प्राप्तः अस्ति। डिजिटल इण्डिया प्रगतेः चिह्नम् अस्ति, परन्तु तया आव्हानानि अपि आनितानि। एआइ-माध्यमेन डीपफेक, ऑडियो-वीडियो-हेरफेरम् च एतादृशाः गम्भीराः आव्हानाः सन्ति। सर्वकाराद् सर्वोच्चन्यायालयपर्यन्तं सर्वैः एतस्य विषये चिन्ता प्रकटिता। २०२४ तमे वर्षे २२.६८ लक्षं साइबरअपराधस्य प्रकरणाः ज्ञाताः। अनेके प्रसिद्धाः जनाः स्वस्य छायाचित्रस्य, भिडियानां च अन्तर्जालस्य दुरुपयोगः अभवत् इति शिकायतुं प्रवृत्ताः सन्ति। शिखरसम्मेलनात् अपेक्षाः। कृत्रिमबुद्धेः विस्तारः अधुना एव आरब्धः अस्ति। तेन सह देशानाम् राजनीतिः, समाजः, अर्थव्यवस्था च सर्वाणि नूतनरीत्या आकारं गृह्णन्ति। आगामिसप्ताहे नूतनदिल्लीनगरे ए.आइ. सर्वकारस्य इण्डिया एआइ मिशनस्य सफलतायै एतत् शिखरसम्मेलनं महत्त्वपूर्णम् अस्ति। भारतं कृत्रिमबुद्धौ अधुना एव आरब्धम् अस्ति।

### अपि च, एतादृशाः निर्णयाः एआइ इत्यस्य जोखिमानां

# लाभानाञ्च विषये व्यावसायिक विमर्शं प्रभावितुं शक्नुवन्ति



ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

अपि च, एतादृशाः निर्णयाः एआइ इत्यस्य जोखिमानां लाभानाञ्च विषये व्यावसायिकविमर्शं प्रभावितुं शक्नुवन्ति। यदि एन्थ्रोपिक इत्यस्य शर्तैः सर्वकारः स्वीकार्यः नास्ति तर्हि अन्ये विकल्पाः सन्ति इति अपि वक्तव्ये उल्लेखितम्। यथा - अनुबन्धं समाप्तुं वा अन्येन कम्पनीना सह कार्यं कर्तुं वा शक्नोति। परन्तु अमेरिकनप्रौद्योगिकीकम्पनीं आपूर्तिश्रृङ्खलाधमकी इति लेबलं करणं अतिशयेन कठोरपदं मन्यते यत सम्पूर्णे उद्योगाय गलतसन्देशं प्रेषयितुं शक्नोति।

एषः प्रकरणः एआइ-उद्योगे अपि रोचकं स्थितिं जनयति यतोहि, एन्थ्रोपिक-संस्थायाः पञ्चदश-सङ्केन सह सम्बन्धः यथा क्षीणः जातः, तस्मिन् एव काले ओपनए-इत्यनेन अमेरिकी-सैन्येन सह नूतन-अनुबन्धे हस्ताक्षरं कृतम् केचन समीक्षकाः एतत् अवसरवादी कदमम् इति उक्तवन्तः, परन्तु तदपि बहवः ओपनएआइ-कर्मचारिणः एन्थ्रोपिक-समर्थने एकस्मिन् वक्तव्ये हस्ताक्षरं कृतवन्तः।

ओपनएआइ-संस्थायाः मुख्याधिकारी सैम आल्ट्मैन् अपि सार्वजनिकरूपेण अस्य विषयस्य प्रतिक्रियां दत्तवान्। सः अवदत् यत् एआइ-कम्पनीं आपूर्तिश्रृङ्खलाजोखिमरूपेण घोषयितुं सम्पूर्णस्य उद्योगस्य देशस्य च हानिकारकं भवितुम् अर्हति। अल्टमैन् अमेरिकी रक्षाविभागं अपि स्वनिर्णयस्य पुनर्विचारं कर्तुं आग्रहं कृतवान्।

प्रौद्योगिकीविशेषज्ञाः मन्यन्ते यत एषः प्रकरणः एआइ-उद्योगस्य भविष्याय महत्त्वपूर्णः सिद्धः भवितुम् अर्हति। वाशिङ्गटननगरस्य नीतिनिमार्तारः घरेलु एआइ-कम्पनीभिः सह स्वसम्बन्धं कथं प्रबन्धयन्ति इति आगामिषु वर्षेषु अस्य प्रौद्योगिक्याः विकासे उपयोगे च प्रभावं कर्तुं शक्नोति। विशेषतः एआइ इत्यादीनां उदयमानप्रौद्योगिकीनां सैन्यप्रयोजनार्थं सर्वकाराः कियत्पर्यन्तं उपयोगं कर्तुं शक्नुवन्ति, निजीकम्पनयः स्वनैतिकसीमाः कथं निर्धारयिष्यन्ति इति विषये प्रश्नाः उत्थापिताः सन्ति। अयं प्रचलति न्यायालयप्रकरणः न केवलं एन्थ्रोपिक-पेन्टागोन्-योः विवादस्य समाधानं करिष्यति अपितु एआइ-कम्पनीनां, सर्वकाराणां च मध्ये भविष्यस्य सहकार्यस्य शर्ताः अपि आकारयितुं शक्नोति विशेषज्ञाः मन्यन्ते यत एषः विवादः वैश्विकरूपेण एआइ-शासनस्य, प्रौद्योगिकी-नीते च गहनः प्रभावं कर्तुं शक्नोति।

### राजनैतिकविशेषज्ञाः

## मन्यन्ते यत् बिहारे भाजपायाः उदयस्य पृष्ठतः सशक्तं संगठनं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

भाजपायाः ७४ आसनानि प्राप्तानि, जदयू केवलं ४३ आसनानि यावत् न्यूनीकृता। एतत् अपि नीतीशकुमारः मुख्यमन्त्रीपदं धारितवान्। २०२५ तमे वर्षे विधानसभानिर्वाचने एनडीए-पक्षः २०२ आसनानि प्राप्तवान्। भाजपायाः ८९, जदयू ८५ आसनानि प्राप्तानि यद्यपि आसनानां दृष्ट्या पक्षद्वयं प्रायः समानम् आसीत् तथापि अधुना गठबन्धनस्य अन्तः भाजपायाः अधिका निर्णयशक्तिः आसीत सर्वकारस्य निमार्णानन्तरं गृहविभागः अपि भाजपायाः कृते दत्तः, या पूर्वं सर्वदा नीतीशकुमारस्य कृते आसीत्। राजनैतिकविशेषज्ञाः मन्यन्ते यत् बिहारे भाजपायाः उदयस्य पृष्ठतः सशक्तं संगठनं सामाजिकविस्तारस्य रणनीतिः च प्रमुखाः कारकाः सन्ति। विगतदशवर्षेषु अयादवपिछड़ाजातीयेषु अत्यन्तं पिछड़ावर्गेषु च अस्य दलस्य आधारस्य विस्तारस्य प्रयासः कृतः अस्ति। अस्य भागत्वेन दलेन अनेके नूतनाः नेतारः पदोन्नताः कृताः, येषु सम्राट् चौधरी, नित्यानन्दरायः च प्रमुखाः सन्ति।

अपि च केन्द्रीयनेतृत्वस्य सुदृढसंगठनसंरचना, निर्वाचनसंसाधनेन च भाजपा-पक्षस्य धारं प्राप्तुं साहाय्यं कृतम् अस्ति। केन्द्रे सत्तां कृत्वा दलस्य अधिकानि आर्थिकानि प्रचारसम्पदानि अपि प्राप्यन्ते, येन क्षेत्रीयदलानां तुलने तस्य निर्वाचनक्षमता वर्धते। परन्तु बिहारे भाजपायाः सम्मुखम् अद्यापि काश्चन आव्हानाः सन्ति इति अपि विशेषज्ञाः मन्यन्ते। दलस्य अद्यापि कोऽपि स्थानीयः नेता नास्ति यः नीतीशकुमार इत्यादिषु जातिषु सामाजिकसमूहेषु च व्यापकस्वीकृतिं प्राप्नोति। अपि च, राज्ये राष्ट्रीयजनतादल इत्यादयः प्रबलाः विपक्षदलाः अपि सन्ति, ये निर्वाचनगतिशीलतां प्रभावितुं शक्नुवन्ति।

## नगरनिगमदलः सम्पूर्णसूचनाः संग्रहीतुं कार्यं कुर्वन् अस्ति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

तदतिरिक्तं केषुचित् गृहेषु गृहसामग्री अपि अग्नौ सम्पूर्णतया नष्टाः अभवन्। अग्निना प्रभाविताः परिवाराः आजीविकासंकटस्य सामनां कृतवन्तः। प्रायः १० गृहाणि प्रभावितानि अभवन्। नगरनिगमदलः सम्पूर्णसूचनाः संग्रहीतुं कार्यं कुर्वन् अस्ति। घटनायाः कारणं निर्धारयितुं पुलिस स्थानीयनिवासिनः प्रश्नं कुर्वन् अस्ति। शॉर्ट सर्किट् इति शङ्का अस्ति, परन्तु तस्य विस्तृतं अन्वेषणं प्रचलति। द्विचक्रिकाः अपि दग्धाः घटनास्थले आगत्य अधरतलपुलिसः अग्नौ त्रयः चत्वारि मोटरसाइकिलाः अपि नष्टाः इति ज्ञापितवान्। ज्वालाः एतावन्तः तीव्राः आसन् यत् निमेषेषु एव वाहनानां क्षतिः अभवत्। परन्तु उपशमस्य विषयः अस्ति यत् अस्मिन् प्रसङ्गे कस्यापि क्षतिः इति वार्ता नास्ति।

## राशिफल

**मेष** : किसी भी कार्य को करने से पहले विचार कि इससे आपके भविष्य के लक्ष्यों पर क्या असर पड़ेगा।

**वृषभ** : रिलैक्स वाले मूड से बाहर निकलें और कुछ नया करने की ट्राई करें। आर्थिक स्थिति में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** : एक समय में एक ही काम पर ध्यान दें, इससे काम अच्छा होगा और तनाव भी कम रहेगा। काम के बीच में ब्रेक लेते रहें।

**कर्क** : धीरे-धीरे फिर से काम शुरू करें। छोटे कदम उठाने से धीरे-धीरे आपको अच्छे परिणाम मिल सकते हैं।

**सिंह** : बड़ी सोच रखें और सही समय का इंतजार करें। सेहत सामान्य रहेगा। परिवार का सहयोग मिलेगा।

**कन्या** : काम को सरल तरीके से करेंगे तो ज्यादा काम कर पाएंगे। आर्थिक स्थिति में वृद्धि हो सकती है।

**तुला** : आपकी स्पष्ट बात और आत्मविश्वास से लोग आपका सम्मान करेंगे। परिवार से राय लेने में कोई हर्ज नहीं है।

**वृश्चिक** : ध्यान से सुनेंगे तो सही फैसला ले पाएंगे। जब प्यार से संबंधित मुद्दों की बात आती है तो सकारात्मक रहें।

**धनु** : रोज थोड़ा-थोड़ा करने से आप उसे पूरा कर सकते हैं और नई चीजें सीख सकते हैं। आपकी तारीफ होगी।

**मकर** : अगर आप परिस्थिति के अनुसार खुद को ढालेंगे तो दिन आसानी से निकल जाएगा। आर्थिक स्थिति में सकारात्मक बदलाव होंगे।

**कुंभ** : अपने विचारों को काम में बदलने की कोशिश करें। मेहनत से ही अच्छे परिणाम मिलेंगे।


**मीन** : बेहतर है कि अपने जरूरी काम समय पर पूरे कर लें। इससे बाद में आप आराम से अपना समय बिता पाएंगे।

## ज्योतिष/वास्तु

# केतु गोचर से इन राशियों की होगी बल्ले-बल्ले, धन लाभ के मिलेंगे अवसर

केतु का नक्षत्र परिवर्तन कुछ राशियों के लिए शुभ रहेगा। केतु के शुभ प्रभाव से इन तीन राशि वालों को घर, वाहन, नौकरी आदि क्षेत्र में खुशखबरी मिल सकती हैं।

29 मार्च 2026 को केतु का नक्षत्र परिवर्तन होने जा रहा है। वह सिंह राशि में रहते हुए अपने ही नक्षत्र मघा में प्रवेश करेंगे। ज्योतिषियों के मुताबिक, जब भी कोई ग्रह अपने नक्षत्र या राशि में गोचर करता है, तो उसका प्रभाव सामान्य से अधिक हो जाता है। चूंकि केतु को आध्यात्म और रहस्य का कारक माना गया है, इसलिए इसका सकारात्मक असर कुछ राशि वालों पर पड़ने की संभावनाएं बनी रहेगी। इस दौरान रोजगार, धार्मिक यात्राएं, धन लाभ और मानसिक शांति मिल सकती है। आइए इन राशियों को जानते हैं।



**मेष राशि–** केतु नक्षत्र परिवर्तन से मेष राशि वालों का भाग्य चमक सकता है। जीवन में जीवनसाथी की तरफ से सुख-सहयोग बना रहेगा। आपको करियर के क्षेत्र में नई संभावनाएं मिलेंगे और कहीं अटके हुए काम की बात बन सकती हैं। इस समय जो लोग लंबे समय से नौकरी की तलाश में हैं, उन्हें नई नौकरी मिलने के योग बन सकते हैं। नई नौकरी प्राप्त होने की भी संभावना है। धन लाभ के भी संकेत मिल रहे हैं और समाज में आत्मविश्वास बढ़ेगा।

**सिंह राशि–** सिंह राशि वालों के लिए यह समय काफी शुभ रहने वाला है। नई नौकरी और व्यापार में आ रही बाधाएं दूर होंगी। छात्रों को सफलता की प्राप्ति हो सकती हैं। धन कमाने के अवसर प्राप्त होंगे। ससुराल पक्ष की तरफ से विशेष सुख-सहयोग की प्राप्ति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ सकता है। मानसिक तौर पर और मजबूत होंगे। कार्यक्षेत्र में आपकी छवि मजबूत होगी। आर्थिक स्थिति में भी सुधार देखने को मिल सकता है।

**तुला राशि–** तुला राशि वालों के लिए केतु का मघा नक्षत्र में प्रवेश नई योजनाओं लेकर आ सकता है। आध्यात्मिक कार्यों में रुचि बढ़ सकती है। भविष्य को लेकर नई रणनीतियां बना सकते हैं और कोई घर भी आप खरीद सकते हैं। कोई बड़ी कारोबारी डील हो सकती है। नए लोगों से मिलेंगे। कोई उपहार आपको प्राप्त होगा। विवाह की बात पक्की हो सकती है। करियर और व्यवसाय से जुड़े कुछ नए मौके सामने आ सकते हैं। मेहनत का सकारात्मक परिणाम मिलने की संभावना रहेगी।

## खबर एक नजर...

### अस्थियां विसर्जन करने की बात पर परिवार में विवाद



**उज्जैन।** नरवर थाना क्षेत्र के ग्राम दताना में रहने वाले रोहितदास बैरागी के पिता का 3 दिन पूर्व निधन हो गया था। उनका अंतिम संस्कार दताना शमशान घाट पर किया गया था। शुक्रवार सुबह रोहित पिता अस्थियां एकत्रित करने पहुंचा। इस दौरान काका के पुत्र श्यामदास बैरागी, राजूदास बैरागी और भतीजे विकास बैरागी, यशोमणी बैरागी भी पहुंच गये। उन्होने रोहितदास से अस्थियां मांगी और विसर्जन करने की बात कही। रोहितदास ने अपने पिता की अस्थियां खुद विसर्जित करने की बात कहीं। जिस पर उनके बीच विवाद हो गया। कहासुनी इतनी बढ़ी कि काका के पुत्रों और भतीजों ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दे डाली। मारपीट में रोहितदास घायल हो गया। उसे रिश्तेदार हरिवल्लभ बैरागी नरवर थाने लेकर पहुंचा।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 335-1 | 230-5 |
| मेन बाजार | 458-7 | 156-2 |
| मिलन डे | 378-8 | 129-2 |
| मिलन नाइट | 117-9 | 147-2 |

1 5 9

### खेतों में काम करने वाले ग्रामीणों पर सियार का हमला

# तराना के ग्राम कनार्दी में दहशत, आधा दर्जन घायल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

ग्राम कनार्दी में शुक्रवार को उस वक्त दहशत फैल गई, जब खेतों में काम कर रहे ग्रामीणों पर सियार ने हमला करना शुरू कर दिया। दोपहर से शाम तक आधा दर्जन ग्रामीण घायल हो चुके थे। 3 को उपचार के लिये उज्जैन भी लाया गया। इस बीच रात में ग्रामीणों ने सियार की तलाश कर उसे मार दिया।

तराना तहसील के ग्राम कनार्दी में ग्रामीण अपने खेतों में प्याज, लहसुन की फसल में पानी देने और काम करने पहुंचे थे। उसी दौरान एक सियार ने भी खेतों का रूख कर लिया। काम कर रहे ग्रामीणों पर सियार ने एक के बाद एक हमले करना शुरू कर दिये। सियार एक खेत से दूसरे खेत की ओर दौड़ रहा था। शाम को ग्राम कनार्दी से कलाबाई पति मगनीराम पाटीदार 72 साल, पुत्र हरिनारायण पाटीदार 45 साल और अनुसुईय्या पति हरिनारायण 35 साल को सियार के हमले में घायल होने पर परिजन तराना अस्पताल से रैफर होने पर उपचार के लिये चरक अस्पताल लेकर पहुंचे थे। जहां तीनों को रैबिज वैक्सीन का डोज दिया गया। वहीं प्राथमिक उपचार किया गया। हरिनारायण के पुत्र राकेश पाटीदार ने बताया कि माता-पिता और दादी खेत में लगी लहसून की फसल काटने पहुंचे थे। काम के दौरान अचानक दादी पर सियार ने हमला किया। पिता और मां ने बचाने का प्रयास किया तो सियार ने उन पर भी हमला कर दिया। तीनों के हाथ-पैर और चेहरे पर सियार ने हमला किया है। इस दौरान सामने आया कि सियार ने कालूराम पिता बद्रीलाल, गोरधन पिता बापूजी और गंगाराम पाटीदार पर भी हमला किया है। जिनका उपचार तराना अस्पताल में ही किया गया है।






### पिंजारा लगाने से पहले ग्रामीणों ने मारा

सियार द्वारा ग्रामीणों पर हमले के संबंध में वन विभाग के डिप्टी रेंजर मदनलाल मौरे ने चर्चा में बताया कि विभाग के अमले ने ग्रामीणों को सर्तक रहने की बात कहते हुए पिंजारा लगाकर पकड़ने की तैयारी कर जा रही है। लेकिन इस बीच रात में खबर सामने आई कि सियार के हमले के बाद ग्रामीणों ने उसकी तलाश शुरू की थी। जिसे देर शाम मार गिराया है। सियार के मरने की खबर ग्रमीणों को लगी तो उन्होने राहत की सांस ली।

### ग्राम पिपलू में सट्टा खाईवाली करने वाले गिरफ्तार

**उज्जैन।** बड़नगर थाना क्षेत्र के ग्राम पिपलू में 2 युवकों द्वारा कुछ दिनों से सट्टा खाईवाली की जा रही थी। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने दोनों की धरपकड़ के लिये एसआई सुरेन्द्र गरवाल, प्रधान आरक्षक प्रदीप डामोर, आरक्षक महेश मोर्य, सैनिक भूपेन्द्र, गोवर्धन डाबी की टीम को अलर्ट किया। टीम ने ग्राम पिपलू पहुंचकर घेराबदी की और एक को उसके घर के बाहर से दूसरे का बस स्टेंड के पास यात्री प्रतिक्षालय से गिरफ्तार किया। पूछताछ में उनके नाम संतोष पिता दामोदर परमार 28 साल और राकेश पिता दामोदर परमार 35 साल निवासी ग्राम पिपलू सामने आये। दोनों सगे भाई है। उनके पास से 1330 रुपए नगद और सट्टा पर्ची जप्त होने पर सट्टा अधिनियम की धारा 4 (क) में प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया। थाना प्रभारी के अनुसार राकेश परमार पूर्व में सट्टा खाईवाली का आरोपी रह चुका है।

### मृतक के पास मिले मोबाइल नम्बर से हुई शिनाख्त

**उज्जैन।** महाकाल थाना क्षेत्र के रामघाट के समीप शहनाई गार्डन के पास से बीमार वृद्ध को पुलिस ने उपचार के लिये चरक अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां उपचार के दौरान गुरुवार-शुक्रवार रात उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शिनाख्त के लिये उसकी तलाशी ली तो जेब से मोबाइल नम्बर मिला। जिस पर संपर्क करने पर सामने आया कि मृतक खिलचीपुर का रहने वाला रामसिंह पिता रामकिशन मोंगिया 65 साल है। पुलिस ने परिजनों को घटनाक्रम की जानकारी दी। शुक्रवार सुबह पुत्र पवन रिश्तेदारों के साथ चरक अस्पताल पहुंचा।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com